प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



फ्रांस का दांव अगर हुआ सफ़ल तो भारत की भी बढ़ेगी भूमिका पेज- 2

ई-रिक्शा पलटने से बालिका समेत आधा दर्जन घायल पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 106 मंगलवार 07 अप्रैल 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## बरपेटा की जनसभा में बोले पीएम मोदी- महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को नारी शक्तिवंदन बिल में होगा संशोधन

(एजेंसी) बरपेटा। असम विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बरपेटा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। सभा में उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, उसे करके दिखाती है। उन्होंने इस बात पर भी भरोसा जताया कि इस बार असम में भाजपा–एनडीए की हैट्रिक निश्चित है। प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण बिल पर भी चर्चा की और कहा कि सरकार ने 16 अप्रैल से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र में इसे पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमने सभी राजनीतिक दलों से इस पर चर्चा की है और उनसे अनुरोध किया है कि वे देश की बहनों और बेटियों के अधिकारों से जुड़े इस काम को सर्वसम्मति से आगे बढ़ाएं। किसी भी राज्य को इससे नुकसान नहीं होगा, चाहे वह पूर्वोत्तर हो या दक्षिण भारत। महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटें देने की व्यवस्था की जा रही है। पीएम मोदी ने विशेष रूप से असम की महिलाओं से अपील की कि वे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से मिलकर इस कानून के पारित होने का आग्रह करें।



यह सिर्फ असम ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए फायदेमंद होगा जिससे महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिल सके। पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, सड़क पर खड़े होने की भी जगह नहीं है। यह मैदान खचाखच भरा हुआ है। मैंने गुजरात में सालों काम किया है लेकिन अगर मुझे सुबह दस या ग्यारह बजे कोई सभा करनी होती, तो मैं इतनी भीड़ नहीं जुटा पाता। आपने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। असम की जनता ने इस बार दो बड़े काम किए हैं, पहला एनडीए सरकार की हैट्रिक और दूसरा, कांग्रेस के 'शाही परिवार' के दिल्ली में बैठे नामदारों के लिए हार का रिकॉर्ड बनाना। रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं और बच्चों के प्रति अपनी स्नेहिल भावना भी दिखाई। उन्होंने कहा, इस बच्ची ने इतनी कम उम्र में इतनी सारी ड्राइंग्स बनाई हैं। कुछ और बच्चे भी अपनी ड्राइंग्स लेकर आए हैं। मैंने एसपीजी कर्मियों से कहा है कि वे इन्हें इकट्ठा करें। यदि आपने पीछे अपना नाम और पता लिखा है, तो मैं आपको चिट्ठी भेजूंगा। बरपेटा में आयोजित रैली के दौरान मोदी ने भाजपा के स्थापना दिवस का जिक्र करते हुए कहा, आज 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस भी है। मैं पूरे देश और दुनियाभर में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं और सदस्यों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। राष्ट्र प्रथम के मंत्र के साथ हम मां भारती की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी प्रतिबद्धता के साथ, इस चुनाव में भाजपा आपका आशीर्वाद मांग रही है। प्रधानमंत्री ने स्थानीय उत्साह और ऊर्जा की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ष्अप्रैल का महीना बोहाग बिहू के पावन अवसर का महीना है। आप सभी इसके उत्सव की तैयारियों में जुटे हैं लेकिन इस बार बोहाग बिहू के साथ–साथ लोकतंत्र का पर्व भी है, क्योंकि मतदान के लिए अब सिर्फ दो दिन ही बचे हैं। यहां और पूरे असम में जो उत्साह और ऊर्जा मैं देख रहा हूं, वह असाधारण और अभूतपूर्व है। यहां जुटी भीड़ उसी भावना को दर्शाती हैय सड़कों पर भी शायद ही कोई जगह बची हो। उन्होंने कहा, बरपेटा में यह विशाल जनसमूह एक ही घोषणा कर रहा है। भाजपा के लिए हैट्रिक और कांग्रेस के नामदारों के लिए हार का शतक। आज का यह जनसैलाब असम की जनता के संकल्प और समर्थन का प्रतीक है। उन्होंने कहा, कांग्रेस वो पार्टी है जो कभी दूरगामी सोच के साथ विकास के काम नहीं करती है। कांग्रेस लघु अवधि में काम करती है ताकि उसमें भ्रष्टाचार कर सके। वही भाजपा एक लंबे विजन के साथ काम करने वाली पार्टी है। हम विकसित असम से विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं और इसलिए पिछले 10 वर्ष में पूरी मेहनत से काम किया। 10 वर्ष असम में शांति और सद्भाव की स्थापना के रूप में काम किया गया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी प्रेरित किया और सभी से आग्रह किया कि वे चुनाव में पूरी तत्परता के साथ काम करें। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी मेहनत और जनता का विश्वास पार्टी को विजयी बनाएगा।

## केरल में प्रियंका गांधी ने कहा, सत्ता में बने रहने के लिए एलडीएफ और भाजपा के बीच समझौता

(एजेंसी) तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को केरल के कन्नूर में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ ने भाजपा के साथ समझौता कर लिया है। प्रियंका ने कहा कि एलडीएफ 10 साल तक सत्ता में बने रहने के लिए अपनी विचारधारा और जिम्मेदारी से समझौता कर रही है। वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी ने पेरावूर में कहा कि एलडीएफ ने उस भाजपा से समझौता किया है जो अल्पसंख्यकों को परेशान करती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ईसाई समुदाय और उनकी नन को परेशान करती है, फिर भी एलडीएफ उनके साथ है। प्रियंका ने सबरीमाला में हुई चोरी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर एक शब्द भी नहीं बोला। उनके अनुसार, यह चुप्पी दोनों पार्टियों के बीच समझौते का बड़ा सबूत है। प्रियंका गांधी ने केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब भी कोई प्रधानमंत्री के खिलाफ आवाज उठाता है, तो उसे सीबीआई, ईडी या इनकम टैक्स के मुकदमों का सामना करना पड़ता है। लेकिन केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ ऐसा एक भी मामला नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि एलडीएफ सरकार, उसके मंत्रियों और नेताओं में अहंकार आ गया है। उनमें जनता के प्रति जवाबदेही और जिम्मेदारी की भावना अब खत्म हो गई है।



## समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र-एक चुनाव पर सकारात्मक विचार-विमर्श जारी : नरेन्द्र मोदी

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को समान नागरिक संहिता और एक राष्ट्र, एक चुनाव को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो अधूरे एजेंडे बताते हुए कहा कि इन पर गंभीर और सकारात्मक विचार–विमर्श चल रहा है। भाजपा के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम को वर्चुअल तरीके से संबोधित करते हुए, मोदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस के शासन में उत्पीड़न का सामना किया है। उन्होंने कहा कि कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने तो अपनी जान भी कुर्बान कर दी, जैसा कि पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्यों में देखा गया, जहां हिंसा को एक राजनीतिक संस्कृति बना दिया गया है। मोदी ने कहा, हमारा मिशन अभी जारी है। समान नागरिक संहिता और एक राष्ट्र, एक चुनाव पर देश में गंभीर चर्चाएं चल रही हैं और हम इन पर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने का प्रस्ताव है। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का उद्देश्य पूरे देश में विवाह, गोद लेने आदि के संबंध में सभी के लिए एक समान कानून बनाना है। मोदी ने कहा कि देश आरक्षण, तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून, नागरिकता संशोधन अधिनियम, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण ऐसे अनगिनत काम हैं जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का परिणाम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि



जानता है कि भाजपा हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रही है और ऐसा करती रहेगीय पहले भी सकारात्मक परिणाम मिले हैं, और भविष्य में भी मिलेंगे। उन्होंने कहा, ब्रिटिश काल के सैकड़ों काले कानूनों को खत्म करना, लोकतंत्र के लिए एक नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए 10 प्रतिशत भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जहां कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां मानते हैं। उन्होंने कहा, यही कारण है कि पार्टी का स्थापना दिवस सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। यह हर कार्यकर्ता के लिए एक भावनात्मक अवसर है। यह दिन हमें देश की सेवा करने का अवसर देने के लिए पार्टी के प्रति अपना आभार व्यक्त करने का मौका देता है।

## डेटा संप्रभुता को लेकर सरकार की चुप्पी पर राहुल गांधी का वार

### कहा- भारत को अंधेरे में रखा जा रहा

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को भारत की डेटा संप्रभुता को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि देश को वैश्विक तकनीकी दौड़ में अग्रणी होना चाहिए, लेकिन इसके बजाय उसे यह अंधेरे में रखा जा रहा है कि उसके डेटा की सुरक्षा कैसे की जाएगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि भारत का डेटा उसके लोगों का है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अर्थव्यवस्था में यह सबसे बड़ी ताकतों में से एक हो सकता है–आई बनाने, कंपनियों को बढ़ाने और रोजगार पैदा करने के लिए। राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सएप चौनल पर एक पोस्ट में कहा, इसलिए मैंने सरकार से अमेरिका के साथ हालिया व्यापार सौदे के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सवाल पूछे हैं, अमेरिका के साथ बाधाओं को कम करने का हमारे डेटा के लिए क्या मतलब है? क्या हमारा स्वास्थ्य डेटा, वित्तीय डेटा और सरकारी डेटाबेस भारत में ही रहेंगे? क्या भारत अभी भी विदेशी कंपनियों को डेटा यहां संग्रहीत करने और इसका इस्तेमाल अपना खुद का एआई बनाने के लिए कर सकता है? पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमारी डेटा संप्रभुता, स्वास्थ्य डेटा, एआई और स्थानीय डेटा भंडारण के बारे में हर सवाल का एक ही जवाब मिलता है, ढांचा, संतुलन, स्वायत्तता–बड़े



शब्द, कोई विशिष्टता नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार देश को यह बताने से इनकार कर रही है कि वह क्या बातचीत कर रही है। गांधी ने कहा, हमें वैश्विक तकनीकी दौड़ में अग्रणी होना चाहिए, लेकिन इसके बजाय हमें इस बारे में अंधेरे में रखा जा रहा है कि भारत के डेटा की सुरक्षा कैसे की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों को देश के डेटा के संबंध में पारदर्शिता और जवाबदेही का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हम एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए अपने डेटा के मालिक होने और उसका उपयोग करने के हकदार हैं। एक अप्रैल को लोकसभा में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री से अपने प्रश्न में गांधी ने पूछा था कि सरकार अमेरिका–भारत संयुक्त वक्तव्य के तहत डिजिटल व्यापार के लिए बाधाओं को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता को भारत के डेटा स्थानीयकरण नियमों, सीमा–पार डेटा नियमों और व्यापक डिजिटल ढांचे के साथ कैसे सामंजस्य बिठाती है। उन्होंने यह भी पूछा था कि क्या नियामक स्वायत्तता की रक्षा के लिए कोई नीतिगत परिवर्तन प्रस्तावित हैंय यदि हां, तो क्या ये प्रतिबद्धताएं महत्वपूर्ण डेटा के स्थानीय भंडारण को अनिवार्य करने, संवेदनशील डिजिटल बुनियादी ढांचे तक विदेशी पहुंच को सीमित करने या कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अब या भविष्य में विनियमित करने की भारत की क्षमता को प्रतिबंधित कर सकती हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री जितेंद्र प्रसाद ने अपने लिखित जवाब में कहा था कि भारत का एक जीवंत आईटी पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसका वित्तीय वर्ष 2024–25 में राजस्व 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक और निर्यात 225 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने कहा कि यह 60 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है और डिजिटल व्यापार भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने कहा, भारत के मुक्त व्यापार समझौते, भारत सरकार दुनिया भर के संभावित देशों के साथ डिजिटल व्यापार साझेदारी को बढ़ावा देने और विस्तारित करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ तीन मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिनमें से प्रत्येक में एक प्रमुख घटक के रूप में एक डिजिटल व्यापार अध्याय शामिल है।ष उन्होंने कहा कि इन समझौतों में भारत ने बाजार पहुंच सुरक्षित करते हुए अपने हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा की है।

## एपस्टीन फाइल्स केस, हरदीप पुरी की बेटी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई से हाईकोर्ट का इंकार

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को एक सामाजिक कार्यकर्ता की अपील खारिज कर दी जिसमें उसने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी को अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से जोड़ने वाली सोशल मीडिया पोस्ट हटाने के आदेश को चुनौती दी थी। अदालत ने उसे अपनी शिकायतें एकल न्यायाधीश के समक्ष रखने को कहा, जिन्होंने यह आदेश दिया था। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति रेनू भटनागर की पीठ ने एकल न्यायाधीश से कहा कि अंतरिम आदेश को जारी रखने या निरस्त करने के मुद्दे पर यथाशीघ्र अंतिम निर्णय लिया जाए। अदालत ने अपीलकर्ता कुणाल शुक्ला को एकल न्यायाधीश के समक्ष हिमायनी पुरी की निषेधाज्ञा (इंजंक्शन) याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। अदालत ने कहा, मामले को 23 अप्रैल को एकल न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। एकल न्यायाधीश पक्षों की सुनवाई के बाद, बिना किसी पूर्व टिप्पणी से प्रभावित हुए, यथाशीघ्र निषेधाज्ञा या स्थगन हटाने के आवेदन पर अंतिम फैसला करेंगे।ष शुक्ला ने अपनी अपील में आरोप लगाया कि एकल न्यायाधीश ने 17 मार्च को बिना नोटिस दिए या जवाब दाखिल करने का समय दिए बगैर आदेश पारित कर उन्हें संबंधित पोस्ट को सोशल मीडिया पर प्रकाशित, प्रसारित या साझा करने से रोक दिया। हिमायनी पुरी ने अपने मुकदमे में 10 करोड़ रुपये के हर्जाने और कई संस्थाओं को कथित मानहानिकारक सामग्री प्रसारित करने से रोकने की मांग करते हुए दावा किया था कि उन्हें एप्स्टीन और उसके अपराधों से जोड़ने के लिए एक सुनियोजित व दुर्भावनापूर्ण ऑनलाइन अभियान चलाया गया।

## सोने-चांदी की रिकॉर्ड कीमतों के बावजूद बढ़ी डिमांड

(एजेंसी) मुंबई। रिकॉर्ड ऊंची कीमतों के बावजूद सोने–चांदी के आयात में तेजी आई है। वित्त वर्ष 2025–26 के पहले 11 महीनों में गोल्ड और सिल्वर इंपोर्ट में जोरदार उछाल दर्ज किया गया, जिसने देश के व्यापार घाटे पर भी दबाव बढ़ा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल से फरवरी 2025–26 के दौरान भारत का गोल्ड इंपोर्ट करीब 28.73: बढ़कर 69 अरब डॉलर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 53.52 अरब डॉलर था। सोने के आयात में इस तेज बढ़ोतरी ने देश के व्यापार घाटे को बढ़ाकर 310.60 अरब डॉलर कर दिया है, जो एक साल पहले 261.80 अरब डॉलर था। वहीं दूसरी ओर चांदी के इंपोर्ट में 143 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। भारत में सोने की कीमतें भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं और राष्ट्रीय राजधानी में यह करीब 1,51,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रही हैं। भारत के गोल्ड इंपोर्ट में स्विट्जरलैंड की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा करीब 40: है। इसके बाद संयुक्त अरब



अमीरात (16:) और दक्षिण अफ्रीका (लगभग 10:) का स्थान है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गोल्ड कंज्यूमर है, और यहां आयात का बड़ा हिस्सा ज्वेलरी इंडस्ट्री की मांग को पूरा करने के लिए किया जाता है। इसी अवधि में सिल्वर इंपोर्ट 142.87: बढ़कर 11.43 अरब डॉलर हो गया। चांदी का उपयोग सिर्फ आभूषण ही नहीं बल्कि इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और फार्मा सेक्टर में भी बड़े पैमाने पर होता है, जिससे इसकी मांग बनी हुई है। सरकार ने आयात को नियंत्रित करने के लिए हाल ही में सोने, चांदी और प्लैटिनम से बनी वस्तुओं के इंपोर्ट पर कुछ प्रतिबंध भी लगाए हैं।

## ईरान को एक और बड़ा झटका, यूएस-इजरायली हमलों में खुफिया चीफ की मौत: कौन थे माजिद खादेमी?

(एजेंसी) तेहरान। ईरान युद्ध का आज 38वां दिन है। इस बीच, इजरायल और अमेरिकी फौजों ने ईरान को बड़ा झटका दिया है। सोमवार को राजधानी तेहरान में




तड़के किए गए हमलों में ईरान के पैरामिलिट्री रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के खुफिया विभाग के प्रमुख माजिद खादेमी की मौत हो गई है। आईआरजीसी ने खुद ये जानकारी दी है। हालांकि आईआरजीसी ने यह विस्तार से नहीं बताया कि उनके इंटेलिजेंस चीफ की मौत कहाँ हुई, लेकिन ये रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब राजधानी तेहरान के आसपास के रिहायशी इलाकों को कई हवाई हमलों में निशाना बनाया गया है। आईआरजीसी ने बताया कि सोमवार को इजरायली हमलों में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के इंटेलिजेंस प्रमुख की मौत हो गई। गार्ड ने अपने टेलीग्राम चौनल पर एक पोस्ट में कहा, "इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के इंटेलिजेंस संगठन के शक्तिशाली और शिक्षित प्रमुख, मेजर जनरल माजिद खादेमी, आज सुबह अमेरिकी–जायोनी दुश्मन द्वारा किए गए एक आपराधिक आतंकवादी हमले में शहीद हो गए। माजिद खादेमी ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी थे। उन्होंने 2022 में जनरल मोहम्मद काजेमी की जगह ली थी, जिन्हें इजरायल ने उसी साल जून में हुए 12–दिवसीय युद्ध में मार गिराया था। वे 2022 से आईआरजीसी के इंटेलिजेंस प्रोटेक्शन ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख के रूप में काम कर रहे थे और 2025 से आईआरजीसी के इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख के तौर पर भी दोहरी भूमिका निभा रहे थे। आईआरजीसी ने उनकी मौत पर एक बयान जारी किया है, जिसमें उन्हें सदगुणों की खान बताया गया है। बयान के अनुसार, खादेमी ने खुफिया और सुरक्षा के क्षेत्रों में क्रांति, व्यवस्था और इस्लामी मातृभूमि की लगभग आधी सदी तक ईमानदारी और साहस के साथ रक्षा करते हुए महत्वपूर्ण, स्थायी और शिक्षाप्रद योगदान दिया है। प्त्ळब् ने कहा कि उनके प्रयास देश के खुफिया समुदाय के लिए आने वाले कई वर्षों तक एक मार्गदर्शक प्रकाश का काम कर सकते हैं, खासकर जब "रणनीतिक स्तर पर विदेशी दुश्मनों का सामना करना हो। बता दें कि आईआरजीसी के खुफिया संगठन के पास ईरान में व्यापक शक्तियां हैं और यह केवल देश के सर्वोच्च नेता के प्रति जवाबदेह है। इसे अक्सर पश्चिमी नागरिकों या विदेश से संबंध रखने वाले लोगों की हिरासत से जोड़ा जाता रहा है। इस पर देश की धर्म–आधारित शासन व्यवस्था के विरोधियों को निशाना बनाते हुए देश के बाहर हत्याएं और हमले करने का भी आरोप लगाया गया है।

# सम्पादकीय

## राघव का "आप" पर पलटवार

आम आदमी पार्टी द्वारा राज्यसभा में उपनेता पद से हटाए जाने और संसद में बोलने से रोके जाने के बाद सांसद राघव चड्ढा नेएक वीडियो संदेश जारी कर पलटवार किया। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए इस वीडियो में राघव चड्ढा ने कहा कि उन्हें खामोश जरूर किया गया है, लेकिन वे हारे नहीं हैं। चड्ढा के वीडियो संदेश पर आम आदमी पार्टी की प्रतिक्रिया भी आ गई है। पार्टी ने चड्ढा पर आरोप लगाया कि वे देश के लिए जरूरी अहम मुद्दे नहीं उठा रहे थे। वीडियो संदेश में राघव चड्ढा ने सीधे तौर पर आम आदमी पार्टी के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा, जब–जब मुझे संसद में बोलने का मौका मिला, मैंने आम लोगों से जुड़े मुद्दे उठाए। हो सकता है कि मैं ऐसे मुद्दे उठाता हूं, जिन पर आमतौर पर बात नहीं होती। लेकिन क्या जनहित के मुद्दे उठाना कोई अपराध है? क्या मैंने कोई गलती की है? क्या मैंने कुछ गलत किया है? बहरहाल, कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि आम आदमी पार्टी में अंदरूनी तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब राघव चड्ढा ने नया वीडियो जारी कर के आरोपों पर पलटवार किया है। राघव चड्ढा ने कहा, मेरे खिलाफ एक स्क्रिप्टेड कैंपेन चलाया जा रहा है। एक ही जैसी भाषा, एक ही जैसे आरोप। यह एक सोचा–समझा कैंपेन है। राघव चड्ढा ने कहा कि आप ने मुझपर तीन आरोप लगाए। इन्हीं तीन आरोपों की वजह से मुझे संसद में बोलने से रोका गया। आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए गए आरोप पर राघव चड्ढा ने कहा, मैं विपक्ष के वॉकआउट के दौरान वहां बैठा रहता हूं, ये सरासर झूठ है। राघव चड्ढा ने कहा कि आप एक मौका ऐसा बता दे कि जब विपक्ष ने वॉकआउट किया हो और उन्होंने साथ न दिया हो। पार्लियामेंट में तो हर जगह सीसीटीवी कैमरा है। आप फुटेज निकालकर दिखा दे कि राघव ने वॉकआउट में विपक्ष का साथ न दिया हो। इस आरोप पर को सरासर झुठ बताते हुए राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता ने इस प्रस्ताव पर साइन करने को नहीं कहा। न औपचारिक तौर पर, न अनौपचारिक तौर पर। राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में कुल 10 सांसद हैं। इनमें से 6–7 सांसदों ने खुद इस प्रस्ताव पर साइन नहीं किए। राघव चड्ढा ने कहा कि राज्यसभा में इस प्रस्ताव को लाने के लिए सिर्फ 50 हस्ताक्षरों की जरूरत होती है। जबकि विपक्ष के 105 सांसद हैं। इस पर राघव चड्ढा ने कहा कि मैं राज्यसभा में चीखने चिल्लाने, गाली गलोच करने, माइक तोड़ने नहीं गया हूं। मैं वहां जनता के मुद्दे उठाने गया। मैं लोगों की ही बात की। मैंने जीएसटी से इनकम टैक्स की बात की। पंजाब के पानी से लेकर दिल्ली की हवा का मुद्दा संसद में उठाया। उन्होंन कहा, मैंने सरकारी स्कूलों की हालत से लेकर पब्लिक हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट के मुद्दे उठाए। रेलवे की दिक्कतों से बेरोजगारी और महंगाई तक हर जनता के मुद्दे को उठाया। मैं संसद में इंपैक्ट क्रिएट करने गया, रकस (शोरगुल) क्रिएट करने नहीं। अंत में राघव चड्ढा ने कहा कि मुझपर झूठे आरोप लगाए जा रहे। मैं हर झूठ को बेनकाब करूंगा। घायल हूं इसलिए घातक हूं। यहां यह बता दें कि आम आदमी पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर बीते दिनों बड़ा बदलाव किया। राज्यसभा में अपने सांसद राघव चड्ढा को पार्टी के उपनेता पद से हटाकर डॉ. अशोक मित्तल को यह जिम्मेदारी सौंप दी। इसके लिए राज्यसभा सचिवालय को पत्र भी भेज दिया। आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को सूचित किया कि सांसद राघव चड्ढा को संसद में बोलने का समय नहीं दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर सांसद राघव चड्ढा के स्थान पर सांसद अशोक मित्तल को राज्यसभा में पार्टी का उपनेता नियुक्त करने का अनुरोध किया था।



नफीस जाफरी

# फ्रांस का दांव अगर हुआ सफ़ल तो भारत की भी बढ़ेगी भूमिका



गुलफिशा खान

पाकिस्तान चारों ओर दौड़ लगा रहा है। कभी अमेरिका तो कभी चीन। मगर दोनों देशों की खुशामद करके भी चौन की नींद नहीं आ रही है। भारत को लेकर रह–रहकर डर दिख जाता है और हर दो–चार दिन में भारत को लेकर एक बयान आ जाता है। मगर अब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कुछ ऐसा कहा कि इंसान सोच में पड़ जाए कि क्या कुछ ऐसा हुआ है कि पाकिस्तान को खतरा लग रहा है या कुछ होने वाला है। या पाकिस्तान को भारत का इतना खौफ हो गया है कि वो ऐसी अनाप–शनाप बातें कर रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत पाकिस्तान पर आरोप लगाने के लिए एक "झूठे ऑपरेशन" की योजना बना रहा है और उन्होंने नई दिल्ली को चेतावनी दी कि अगर उसने ऐसा "नाटक" किया तो उसे कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा। सियालकोट में मीडिया से बात करते हुए आसिफ ने कहा, "वे अपने ही आदमियों के जरिए या हिरासत में लिए गए पाकिस्तानी अधिकारियों के जरिए किसी तरह का झूठा अभियान चलाने की योजना बना रहे हैं। वे कुछ शवों को कहीं लिटाकर यह कहेंगे कि ये आतंकवादी थे और इन्होंने ऐसा–ऐसा किया।" वहीं बात अब फ्रांस की तो गौरतलब है कि दो युद्धों ने दशकों से चले आ रहे दुनिया के समीकरणों ने ध्वस्त कर दिया। दुनिया में नये तरीके से शक्ति संतुलन बन रहा है। यूक्रेन युद्ध ने ये साबित कर दिया कि सोवियत संघ के विघटन के बाद भी रूस को रोकना किसी के बस की बात नहीं। अगर रूस ने कुछ ठान लिया तो पूरी दुनिया एक तरफ और रूस दूसरी तरफ भी रहे तो वो हारेगा तो नहीं। अमेरिका और यूरोप ने पूरी ताकत लगा ली यूक्रेन युद्ध में रूस को हराने या रोकने की पर वो रुका नहीं। अमेरिका को फायदा नहीं दिखा तो इस युद्ध से धीरे–धीरे किनारे हो गया। अब यूरोप कितने दिनों तक यूक्रेन की मदद के लिए टिक पाएगा, ये देखने वाली बात है। दूसरा युद्ध ईरान में शुरू हुआ तो अमेरिका–इजरायल की अजेय जोड़ी के सामने ये लगा कि ईरान ज्यादा टिक नहीं पाएगा। मगर हालात ये है कि अमेरिका दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अब तक सबसे ज्यादा खर्च होने वाले युद्ध से निकलने के लिए छटपटा रहा है। उसके कई फाइटर जेट, डिफेंस सिस्टम, राडार ध्वस्त हो गए। ट्रंप ने साफ तौर पर कहा कि रूस और चीन ईरान की मदद कर रहे हैं, जैसे अमेरिका यूक्रेन की मदद कर रहा है।



मतलब अब ये युद्ध तब तक नहीं रुकेगा जब तक की रूस और चीन नहीं चाहेंगे। कुछ–कुछ वैसे ही जैसे यूक्रेन युद्ध तब तक नहीं रुकेगा जब तक अमेरिका और यूरोप नहीं चाहेंगे।

साफ है कि अमेरिका अब अकेला सुपरपावर नहीं है। रूस लौट आया है। चीन ताकतवर हो चुका है और किसी को भी पानी पिलाने की हैसियत रखता है। मगर इन सबके बीच एक और चीज है, नाटो टूट के करीब पहुंच चुका है। नाटो में अमेरिका के अलावा यूरोप के 31 देश हैं। ईरान युद्ध में नाटो के नहीं लड़ने से अब अमेरिका नाराज है और देख लेने की धमकी दे रहा है। ऐसे में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मध्यम आकार की शक्तियों से अमेरिका और चीन का डटकर मुकाबला करने का आह्वान किया है। मैक्रों ने इस सप्ताह अपने एशियाई दौरे के दौरान इस संदेश पर जोर दिया कि हमारा उद्देश्य दो वर्चस्ववादी शक्तियों के अधीन रहना नहीं है। हम चीन जैसे किसी देश के प्रभुत्व पर निर्भर नहीं रहना चाहते, न ही हम अमेरिका की अनिश्चितताओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होना चाहते हैं। मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय देशों का जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय कानून, लोकतंत्र, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर साझा एजेंडा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा और भारत जैसे अन्य समान विचारधारा वाले देशों का भी उल्लेख किया। उन्होंने तर्क दिया कि यह गठबंधन एआई, अंतरिक्ष, ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, रक्षा, सुरक्षा – किसी भी क्षेत्र पर मिलकर काम कर सकता है। पिछले कुछ वर्षों में, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस के नेता चार्ल्स डी गॉल द्वारा स्थापित परंपरा का पालन करते हुए, मैक्रों ने बार–बार चीन और अमेरिका के बीच मध्य मार्ग अपनाने की कोशिश की है और वैश्विक व्यवस्था में विभाजन के खिलाफ चेतावनी दी है, लेकिन अमेरिका द्वारा अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की अवहेलना करने के कारण, फ्रांस की पारंपरिक स्थिति का प्रभाव अब अलग तरह से पड़ रहा है। मैक्रों जून में फ्रांस में होने वाले जी–7 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के दौरान अपने इस संदेश को और मजबूत करेंगे। भारत इस मामले में एकमात्र ऐसा देश है, जिसे सभी अपने साथ रखना चाहते हैं। रूस, अमेरिका, चीन और अब यूरोप भी भारत को अपने पाले में करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, इसकी बहुत कम गुंजाइश है कि भारत किसी एक गुट में शामिल होगा. हां, वो सभी गुटों के बीच पावर बैलेंस जरूर करता रहेगा।

# अमेरिकी सेना में बग़ावत की आहट!



फरीद वारसी

खबर है कि ईरान से जारी जंग के बीच अमेरिका अपने रक्षा बजट में बेतहाशा बढ़ोतरी करना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस ने रक्षा बजट के लिए 1.5 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 140 लाख करोड़ रुपये) की मांग की है। अगर इसे मंजूरी मिलती है तो यह अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा रक्षा बजट होगा। रक्षा बजट में यह बढ़ोतरी की मांग ऐसे समय की गई है, जब अमेरिका की ईरान के साथ लड़ाई चल रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर इस बजट को मंजूरी मिलती है तो यह पिछले साल की तुलना में 40 प्रतिशत ज्यादा होगा। इतने बड़े बजट का मकसद गोला–बारूद के भंडार को मजबूत करना और अमेरिकी नौसेना के बेड़े का विस्तार करना है। साथ ही साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम का काम भी इसी बजट से शुरू किया जाएगा। इसके अलावा, इस बजट से सभी सैन्य कर्मियों की सैलरी में 5 से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी की जाएगी। पिछले साल की तुलना में अमेरिका का रक्षा बजट 445 अरब डॉलर ज्यादा होगा। इसमें से 350 अरब डॉलर के बजट को कानून के रूप में पास करने की योजना बनाई जा रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके लिए डेमोक्रेट्स के समर्थन की जरूरत नहीं होगी। वहीं बात अब अमेरिका की सेना की तो मालूम हो कि ईरान–इजरायल युद्ध के बीच अमेरिकी सेना में फूट की खबरें सामने आ रही हैं। अमेरिकी सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को पद से हटा दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से कहा गया है कि उनको पद से हटाने की वजह सीनियर अधिकारियों की पदोन्नति और सेना संबंधी फैसलों पर कंट्रोल को लेकर रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के साथ उनके तीखे मतभेद रहे। टकराव की वजह जॉर्ज के सीनियर अधिकारियों की पदोन्नति को रोकने या रद्द करने से इनकार माना जा रहा है। जबकि हेगसेथ लगातार उन पर इसके लिए दबाव बना रहे थे। इस मतभेद से दोनों पक्षों के बीच दरार और गहरी हो गई और आखिरकार जॉर्ज को पद छोड़ना पड़ा। ब्रॉडकास्टर सीबीएस ने इससे पहले एक अधिकारी के हवाले से बताया था कि जॉर्ज को तत्काल रिटायरमेंट लेने के लिए कहा गया था। हालांकि पेंटागन ने इस फैसले का सार्वजनिक रूप से कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, हेगसेथ एक ऐसे सेना प्रमुख चाहते थे जो सेना के लिए उनके और ट्रंप के .ष्टिकोण के मुताबिक हो। जॉर्ज की बर्खास्तगी ऐसे समय पर हुई है, जब अमेरिका ईरान के खिलाफ जंग के मैदान





में हैं। ट्रंप ने जंग पर हालही में ने दावा किया था कि अमेरिकी सेना ईरान के खिलाफ युद्ध में अपने मकसद को पूरा करने के करीब है। उन्होंने सेना की जीत को भी सराहा था। पेंटागन के शीर्ष नेतृत्व में बड़े फेरबदल के बीच, जॉर्ज ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में हटाए गए सीनियर सैन्य अधिकारी हैं। इस दौरान अमेरिकी सैन्य अकादमी ने जॉर्ज की तस्वीरें शेयर कर कहा कि उन्होंने नेतृत्व की तैयारी कर रहे कैडेटों को अनुभव आधारित मार्गदर्शन दिया था। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हेगसेथ और जॉर्ज के बीच टकराव सेना की दिशा को लेकर मूलभूत मतभेदों की वजह से नहीं बल्कि, हेगसेथ की सेना के प्रति लंबे समय से चली आ रही शिकायतों, कार्मिक निर्णयों पर विवादों और अमेरिकी सेना सचिव डैनियल पी. ड्रिस्कॉल के साथ उनके तनावपूर्ण संबंधों से पैदा हुआ। रिपोर्ट में ये बात अन्य अधिकारियों के हवाले से कही गई है। अधिकारियों ने कहा कि पिछले एक साल में जॉर्ज और ड्रिस्कॉल के बीच क्लोज वर्किंग पार्टनरशिप बढ़ी, जिससे रक्षा सचिव के साथ तनाव और बढ़ गया था। हेगसेथ ने चार सेना अधिकारियों को एक–स्टार जनरल के पद पर पदोन्नत होने से रोक दिया था। वे महीनों से इन अधिकारियों को प्रमोशन लिस्ट से हटाने के लिए जॉर्ज और ड्रिस्कॉल पर दबाव डाल रहे थे। हेगसेथ संग इसे लेकर दोनों का टकराव था। अधिकारियों के मुताबिक, जॉर्ज और ड्रिस्कॉल दोनों ने अधिकारियों के सेवा रिकॉर्ड का हवाला देते हुए ऐसा करने से इनकार कर दिया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, लगभग दो हते पहले, जॉर्ज ने रुके हुए प्रमोशन पर चर्चा करने और रक्षा सचिव द्वारा सेना के कर्मियों से संबंधित फैसलों में गैरजरूरी हस्तक्षेप पर चिंता जताने के लिए हेगसेथ से मुलाकात की अपील की थी। लेकिन हेगसेथ ने इस मामले पर जॉर्ज से मिलने से इनकार कर दिया, जिससे दोनों के बीच दरार और गहरी हो गई थी।

# भारतीय शासन व्यवस्था की पटकथा फिर से लिख रहा है मिशन कर्मयोगी

डॉ जितेंद्र सिंह

कल्पना करें कि राजस्थान के दूरदराज के किसी कोने में जिला कलेक्टर को एक ऐसी महत्वाकांक्षी कल्याण योजना की जिम्मेदारी सौंपी जाती है जिसके बारे में उसकी जानकारी बहुत कम है। एक दशक पहले उसे जानकारी के लिए कहीं धूल खा रही किसी नियमावली का सहारा लेना होता। या फिर वह अपने किसी वरिष्ठ सहयोगी की तीन बैठकों और लंच के बाद खाली होने का इंतजार करता। उसकी उम्मीद उस प्रशिक्षण कार्यक्रम पर भी टिकी हो सकती थी जो शायद एक या दो साल में कभी आता। लेकिन आज वह अपने फोन के जरिए आईगॉट (इंटिग्रेटेड गर्वनमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म) पर लॉग ऑन करता है। उसे मिनटों में ही अपनी जरूरत के अनुरूप एक सुव्यवस्थित कार्यकुशलता आधारित पाठ्यक्रम मिल जाता है। वह शाम तक सूचनाओं और आत्मविश्वास से लैस होकर योजना के लाभार्थियों की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहा होता है। यह बदलाव देखने में छोटा लग सकता है मगर हकीकत में किसी क्रांति से कम नहीं है। चमक–दमक से दूर धैर्य के साथ पांच साल पहले शुरू किया गया मिशन कर्मयोगी एक क्रांति ला रहा है। यह नए भारत के लिए एक नई तरह के प्रशासनिक अधिकारी तैयार करने के उद्देश्य से चुपचाप काम कर रहा है। इसके महत्व को समझने के लिए हमें पहले संदर्भ को जानना होगा। 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री के निर्धारित लक्ष्य तक यूं ही नहीं पहुंचा जा सकता। इस मंजिल तक पहुंचने के लिए हमें भारत गणतंत्र को चलाने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों के जरिए सावधानी से एक–एक कदम आगे बढ़ना होगा। इस यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण पूंजी, प्रौद्योगिकी या नीति नहीं है। सबसे ज्यादा अहमियत उन लगभग 3.5 करोड़ प्रशिक्षित, उत्साही और नागरिक केंद्रित सरकारी कर्मियों की क्षमता की है जो हर सुबह उठ कर भारतीय शासन को संचालित करते हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ज्यादातर समय क्षमता निर्माण का मॉडल सांयोगिक रहा है। किसी नौजवान अधिकारी को सेवा की शुरुआत के समय औपचारिक प्रशिक्षण दिया जाता था। फिर करियर के बीच में यदा–कदा उसे कुछ पाठ्यक्रमों में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता था। बाकी, उसे काम करते हुए और दूसरों को देख कर ही सीखना होता था। एक स्थिर और धीमी गति से आगे बढ़ते विश्व में यह काफी था। लेकिन कृत्रिम मेधा, जलवायु अवरोध, जनसांख्यिकीय दबाव और जबर्दस्त प्रौद्योगिकीय परिवर्तन के युग में यह सरासर नाकाफी है। प्रशासन के सामने चुनौतियां जिस रफ्तार से आती हैं उसके सामने प्रशिक्षण की पुरानी प्रणालियों की गति कहीं नहीं टिकती। मिशन कर्मयोगी को इसी बेमेल स्थिति के समाधान के रूप में की गई थी। 2021 में शुरू किया गया यह मिशनकृजिसे उसी वर्ष अप्रैल में स्थापित क्षमता निर्माण आयोग द्वारा संस्थागत रूप से संचालित किया गया, एक सचमुच महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए आगे बढ़ा। भारतीय सिविल सेवाओं की सीखने की संस्कृति को, समय–समय पर होने वाली और केवल नियमों के पालन तक सीमित प्रक्रिया से बदलकर, एक निरंतर चलने वाली, भूमिका–आधारित और स्वयं–निर्देशित विकास यात्रा में रूपांतरित करना इसका मकसद है। जैसा कि आयोग इसका वर्णन करता है, यह बदलाव कर्मचारीकृ यानी नियमों का पालन करने वाले एक पदाधिकारी से कर्मयोगी बनने की ओर हैरू एक ऐसा लोक सेवक जो किसी उद्देश्य, सेवा–भाव और उत्कृष्टता से प्रेरित हो। पाँच वर्षों के बाद, ये आंकड़े अत्यंत शिक्षाप्रद हैं। श्आईगॉटव्य (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) प्लेटफॉर्म पर अब 1.5 करोड़ से अधिक सरकारी अधिकारी सक्रिय शिक्षार्थी के रूप में जुड़े हैं कृ यह एक ऐसी संख्या है जो शुरुआत के समय काल्पनिक लगती थी। 4,600 से अधिक योग्यता–आधारित पाठ्यक्रमों के माध्यम से, इन अधिकारियों ने 8.3 करोड़ से अधिक पाठ्यक्रम पूरे किए हैं। अकेले पिछले राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान, भागीदारी के परिणामस्वरूप 4.5 मिलियन घंटे के पाठ्यक्रम नामांकन और 3.8 मिलियन घंटे की वास्तविक शिक्षा दर्ज की गई। ये केवल अमूर्त आंकड़े नहीं हैं। दर्ज किया गया प्रत्येक घंटा भारत में कहीं न कहीं एक लोक सेवक का प्रतिनिधित्व करता है कृ छत्तीसगढ़ में एक राजस्व निरीक्षक, पुणे में एक शहरी स्थानीय निकाय अधिकारी, मणिपुर में एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ये सब अपने साथी नागरिकों की बेहतर सेवा करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ा रहें हैं। जो बात आईगॉट प्लेटफॉर्म को वास्तव में परिवर्तनकारी बनाती है, वह केवल इसका पैमाना नहीं है, बल्कि इसकी पहुँच की संरचना है। यह किसी भी समय और कहीं भी, स्मार्टफोन या डेस्कटॉप पर, कई भाषाओं में उपलब्ध है, और इसे शिक्षार्थी के पेशेवर प्रोफाइल के अनुसार बनाया गया है। पाठ्यक्रमों को हर तीन से छह महीने में अपडेट किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि शासन में एआई टूल का उपयोग कैसे करें या नए वित्तीय नियमों को कैसे समझें, इससे संबंधित सामग्री वर्तमान और प्रासंगिक बनी रहे। दूसरे शब्दों में, यह प्लेटफॉर्म धूल फांकने वाली कोई डिजिटल लाइब्रेरी नहीं है कृ बल्कि यह सीखने का एक जीवंत और अनुकूलन योग्य तंत्र है। इस पर विचार कीजिए कि एक आदिवासी जिले की जूनियर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए इसका क्या अर्थ है, जिसे उसकी अपनी भाषा में बाल पोषण मूल्यांकन के नवीनतम प्रोटोकॉल समझाने वाला एक मॉड्यूल प्राप्त होता है। उसे अपने ब्लॉक में किसी प्रशिक्षक के आने का इंतज़ार करने की ज़रूरत नहीं है। वह सीखती है, और कार्य करती है। यही इस मिशन का लोकतांत्रिक लाभांश है। क्षमता निर्माण आयोग, इस तंत्र के रणनीतिक संरक्षक के रूप में, एक साथ वास्तुकार और संचालक दोनों की भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय नीति बनाने वाले एक सचिव से लेकर ग्राम स्तर पर इसे लागू करने वाले एक पंचायत पदाधिकारी तक, यह पहचान करता है कि सार्वजनिक भूमिकाओं के विशाल स्पेक्ट्रम में किन योग्यताओं की आवश्यकता है। यह सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए राष्ट्रीय मानक 2.0 ढांचे के माध्यम से देश के प्रशिक्षण संस्थानों के लिए गुणवत्ता मानक निर्धारित करता है, जिसके तहत देश भर के 200 से अधिक प्रशिक्षण संस्थान पहले ही मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। यह राज्यों के साथ मिलकर काम करता है। सभी 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अब औपचारिक समझौता ज्ञापनों के माध्यम से जुड़ चुके हैं ताकि ऐसी विशिष्ट क्षमता निर्माण योजनाएं तैयार की जा सकें जो कार्यबल की दक्षताओं को संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ जोड़ती हैं। राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम जैसी ऐतिहासिक पहलों के माध्यम से, इसने एक मिलियन से अधिक प्रमाणित अधिकारियों को बड़े पैमाने पर व्यवहार प्रशिक्षण दिया है, जो प्रत्येक नागरिक को अंतिम हितधारक के रूप में मानने की सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण कला है। मिशन के इस अंतिम आयाम पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि यह एक ऐसी चीज़ के बारे में है जिसे पूर्णता प्रमाण पत्र या लॉग किए गए घंटों में आसानी से नहीं मापा जा सकता। मिशन कर्मयोगी की सबसे गहरी आकांक्षाओं में से एक हैकृदृष्टिकोण में बदलाव। यह राज्य और नागरिक के बीच एक लेन–देन वाले संबंध से हटकर नागरिक देवो भव की भावना से परिभाषित संबंध की ओर एक आंदोलन हैरू नागरिक ईश्वर के समान है, वह सर्वोच्च अधिकारी है जिसके प्रति राज्य का सेवक जवाबदेह है। जब रेलवे काउंटरों, राजस्व कार्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों पर नागरिक–केंद्रित अधिकारियों को इसके तहत प्रशिक्षित किया गया और बाद में नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया तो प्रतिक्रिया आश्चर्यजनक थी। उन्होंने बदलाव को महसूस किया। न केवल दक्षता में, बल्कि व्यवहार की आत्मीयता, तत्परता और बातचीत की मानवीय गुणवत्ता में भी। एक ऐसे युग में जब एआई प्रशासनिक कार्यों के विशाल हिस्सों को स्वचालित करने की चुनौती दे रहा है, यह मानवीय परत, जो सहानुभूतिपूर्ण, सांस्कृतिक रूप से जागरूक और स्थानीय जड़ों से जुड़ी है कोई फालतू चीज़ नहीं, बल्कि भारत के शासन की सर्वोच्च शक्ति है। इस मिशन ने अपनी तकनीकी महत्वाकांक्षाओं के साथ–साथ भारत की बौद्धिक विरासत का सम्मान करने का भी एक सचेत प्रयास किया है। भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रकोष्ठ के माध्यम से, पारंपरिक ज्ञान जिसमें सामुदायिक शासन और कृषि से लेकर वित्त और स्वास्थ्य सेवा तक के क्षेत्र शामिल हैं कृ को प्रशिक्षण सामग्री के ताने–बाने में बुना जा रहा है; इसे केवल अतीत की यादों के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवंत ज्ञान के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। अमृत ज्ञान कोष भंडार, जिसमें 70 से अधिक पूर्ण केस स्टडीज़ शामिल हैं शासन–प्रशासन से जुड़े ऐसे ज्ञान का एक संग्रह तैयार कर रहा है जिसकी जड़ें भारतीय संदर्भोंऔर भारतीय समाधानों में निहित हैं। प्रशासनिक मानसिकता का यह वि–औपनिवेशीकरण, जिसके तहत भारतीय लोक सेवकों को आधुनिक चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी ही सभ्यतागत विरासत के साथ आत्मविश्वासपूर्ण जुड़ाव स्थापित करने की ओर लौटाया जाता है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख आकांक्षाओं में से एक है और मिशन कर्मयोगी इसी आकांक्षा को साकार रूप दे रहा है। साधना सप्ताह 2 से 8 अप्रैल तक मनाया जाने वाला राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह कृ इस पांच वर्षीय यात्रा का उत्सव और इसके अधूरे कार्यों के प्रति पुनर्संकल्प, दोनों है। साधना शब्द यहाँ अत्यंत उपयुक्त है। इसका अर्थ है समर्पित अभ्यास; एक ऐसे व्यक्ति का अनुशासित दैनिक प्रयास जो किसी एक असाधारण कार्य के माध्यम से नहीं, बल्कि अपने कौशल के प्रति निरंतर समर्पण के माध्यम से निपुणता प्राप्त करना चाहता है। जैसे ही हम सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के एक राष्ट्रीय सम्मेलन के साथ इस सप्ताह का उद्घाटन कर रहे हैं, जिसमें लगभग 700 वरिष्ठ अधिकारी व्यक्तिगत रूप से और 3,000 से अधिक वर्चुअल माध्यम से शामिल हो रहे हैं, हम केवल एक वर्षगाँठ नहीं मना रहे हैं। हम अगले पांच वर्षों के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं कृ एक ऐसे भविष्य की ओर जिसमें हर स्तर पर प्रत्येक सिविल सेवक निरंतर सीखने वाला, एक नागरिक–चौंपियन और भारत की आकांक्षाओं का एक आत्मविश्वासी संरक्षक होगा। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य कृ सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज से लेकर शून्य शुद्ध उत्सर्जन के संकल्प तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर वैश्विक विनिर्माण नेतृत्व तक, केवल नीतिगत माध्यम से पूरे नहीं होंगे। वे लोगों के माध्यम से पूरे होंगेरू उस जिला अधिकारी द्वारा जो योजना को सही ढंग से समझ कर उसे पूरी शुद्धता के साथ लागू कर सके; उस शहरी योजनाकार द्वारा जो स्थानिक डेटा टूल का उपयोग कर सके; उस अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा जो सार्वजनिक स्वास्थ्य अलर्ट को इस तरह संप्रेषित करे कि उसका समुदाय उस पर भरोसा करे। मिशन कर्मयोगी न केवल कल के लिए, बल्कि आने वाले दशकों के लिए उसी दल का निर्माण कर रहा है।

भारत की शासन–व्यवस्था की कहानी के लंबे और प्रकाशमान सफर में, यह शायद वह अध्याय है जिसमें शासन ने आखिरकार सीखना सीख लिया।

(लेखक केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग और कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्यमंत्री हैं)

# केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए सुगंधी व शगुन चयनित

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा सुगंधी और कक्षा 08 की छात्रा शगुन का चयन आवासीय क्रीड़ा संस्थान में प्रवेश हेतु आयोजित केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में हो गया है। आवासीय क्रीड़ा संस्थान में प्रवेश हेतु खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वाधान में अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (म्यों हॉल), जनपद प्रयागराज में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 15 बालकध्बालिका बैडमिंटन



प्रतियोगिता, 2026 में सुगंधी और शगुन का चयन हो गया है। इस राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, विंध्याचल, आजमगढ़ आदि मंडलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अपने जनपद की सुगंधी ने बालिका वर्ग अंडर 15 एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में गोरखपुर मंडल की तनिष्क को 2–1 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में सुगंधी ने गोरखपुर मंडल की आरोही सिंह को एकतरफा मुकाबले में 2–0 से पराजित कर बालिका एकल वर्ग के स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बालिका वर्ग अंडर 15 युगल में तृतीय स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में अपने ही जनपद की सुगंधी और शगुन की जोड़ी ने कानपुर मंडल की सोनी और सृष्टि तिवारी की जोड़ी को भी एकतरफा मुकाबले में 2–0 से परास्त कर बालिका युगल वर्ग का कांस्य पदक भी अपने नाम किया। इस प्रकार अपने जनपद की दोनों होनहार खिलाड़ियों का चयन 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में जिसका आयोजन दिनांक 15 अप्रैल से 29 अप्रैल, 2026 तक अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (म्यों हॉल), जनपद प्रयागराज आयोजित किया जाएगा में हो गया है। सुगंधी और शगुन दोनों ही खिलाड़ी विद्यालय के शारीरिक शिक्षकध्क्रीड़ा प्रभारी डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी की मार्गदर्शन में बैडमिंटन का प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। दोनों ही खिलाड़ियों का केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में चयन होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्र, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह और जनपद के सभी खेल प्रेमियों ने बधाई तथा शुभकामनाएं प्रदान की। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर पुरस्कार वितरण ओलंपियन और अर्जुन अवॉर्डी (बैडमिंटन खेल) अभिन्न श्याम गुप्ता के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद उरई, प्रयागराज आदि के उप क्रीड़ा अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# सर्राफा व्यापारी के आकस्मिक निधन पर शोकसभा

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। सर्राफा व्यापारी राजू मेहरोत्रा (किशन सर्राफ) का हृदय गति रुक जाने के कारण स्वर्गवास हो गया है जिसके उपरांत सीतापुर सर्राफा वेलफेयर एसोसिएशन (पंजी) द्वारा एक शोक सभा का आयोजन शाम 6 बजे नमक मंडी स्थित शिव मंदिर पर आहूत की गई जिसमें सर्राफा व्यापारियों द्वारा 2 मिनट का मौन रख कर राजू मेहरोत्रा को श्रदांजलि अर्पित की गई।

# आसमानी बिजली का कहर : मृतक परिवारों को मिलेगी 12 लाख की सहायता

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया चलाकापुर में शनिवार को प्र.ति का भीषण रूप देखने को मिला, जहां आकाशीय बिजली गिरने से लगी आग ने 18 परिवारों की खुशियां राख कर दीं। इस दर्दनाक हादसे में एक मासूम सहित तीन लोगों ने अपनी जान गंवा दी, जबकि 21 झोपड़ियां जलकर पूरी तरह खाक हो गई हैं। चीख–पुकार के बीच जलकर राख हुए आशियाने प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिजली गिरते ही गांव के एक हिस्से में आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। जब तक लोग कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीण अपनी जान बचाने और सामान निकालने के लिए जद्दोजहद करते रहे, लेकिन देखते ही देखते कई परिवारों का सब कुछ जलकर राख हो गया। मृतकों के परिजनों को 12 लाख की सहायता प्रशासन ने इस त्रासदी पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मुआवजे का ऐलान किया है। मृतकों के परिजनों को प्रति व्यक्ति 4 लाख रुपये की आर्थिक मदद। प्रभावित परिवारों को कपड़े, बर्तन और घरेलू सामान के लिए कुल 2.58 लाख रुपये की नकद सहायता वितरित की जा चुकी है। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने स्पष्ट किया कि सभी 18 प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर दिए जाएंगे। राहत पैकेज पर एक नजर ष्हादसे में 11 मकान गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। प्रभावितों के पुनर्वास के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही सभी बेघर परिवारों को स्थायी छत मुहैया कराई जाएगी। डॉ. राजागणपति आर., जिलाधिकारी, सीतापुर वर्तमान में प्रशासन की टीम गांव में कैंप कर रही है और पीड़ितों को भोजन व अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। पूरा गांव इस समय शोक और दहशत के साये में है।

# 25 साल बाद लौटा शख्स, पत्नी ने देवर से रचाई शादी

## – अब परिवार में उलझे रिश्ते

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां 25 साल पहले लापता हुआ एक व्यक्ति पुलिस की मदद से अपने परिवार से दोबारा मिल सका। हालांकि, उसकी वापसी ने परिवार के रिश्तों को नई उलझन में डाल दिया है। तीन दिन पहले




मोहल्ला नया बाजार में जगप्रीत सिंह फलौदिया के घर के सामने एक अधेड़ व्यक्ति लावारिस हालत में घूमता मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अपनी सुरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू की। काफी प्रयासों के बाद उस व्यक्ति ने पंजाब स्थित अपने घर का पता बताया। पुलिस ने संबंधित थाने के जरिए उसके परिजनों से संपर्क किया। जानकारी में सामने आया कि वह पांच भाइयों में तीसरे नंबर का है और करीब 25 साल पहले मानसिक तनाव के चलते घर से चला गया था। परिवार ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। बताया गया कि जब वह घर से लापता हुआ था, तब वह शादीशुदा था। लंबे समय तक उसके वापस न आने पर और उसकी पत्नी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए परिवार ने सामाजिक परंपराओं के तहत उसका विवाह उसके छोटे भाई सूचा सिंह से करा दिया। अब 25 साल बाद उसकी अचानक वापसी से परिवार के सामने भावनात्मक और सामाजिक स्थिति जटिल हो गई है। सूचना मिलने पर परिजन पंजाब से नहटौर पहुंचे और पहचान की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उसे उनके सुपुर्द कर दिया। कोतवाल रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस की सतर्कता और मानवीय प्रयास से बिछड़ा व्यक्ति अपने परिवार से मिल सका, लेकिन इस घटना ने परिवार के सामने नई परिस्थितियां भी खड़ी कर दी हैं।

# मधु इंडिया डेको में संविधान भी मौन, चरण पखार्ता नतमस्तक सिस्टम

## - ओडीओपी की आड़ में आधुनिक गुलामी का गढ़ बना हीरपुर

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया–सीतापुर। प्रदेश में जहाँ एक ओर माफियाओं के साम्राज्य जमींदोज किए जा रहे हैं वहीं सीतापुर



की सरहदों पर मधु इंडिया डेको लिमिटेड नाम का एक ऐसा अभेद्य दुर्ग खड़ा है, जिसकी दीवारों के भीतर लोकतंत्र की सांसें फूल रही हैं। 1991 से खड़ा यह कारखाना आज शोषण का वो ब्लैक होल बन चुका है, जहाँ मजदूरों का पसीना और उनका हक, दोनों सफेदपोशों की तिजोरियों में दफन हो रहे हैं। हर निजाम में फला–फूला शोषण का धंधा कहते हैं वक्त बदलता है, सरकारें बदलती हैं, लेकिन इस मिल की किस्मत पर कभी आंच नहीं आई। 18 जून 1991 को जब इस फैक्ट्री की ईंट रखी गई थी, तब से लेकर आज तक इसने समाजवाद की साइकिल से लेकर बसपा के हाथी और अब श्भगवाश लहर तक, हर सत्ता के गलियारे में अपनी सेटिंग की ऐसी फेविकोल वाली गोंद चिपकाई है कि कोई भी जांच अधिकारी यहाँ कदम रखने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। आखिर वो कौन सा अ.श्य हाथ है जो इस मिल के खिलाफ उठने वाली हर फाइल को मेज पर पहुंचने से पहले ही सुपारी देकर खत्म करवा देता है? ओडीओपी के नाम पर मजदूरों का नरसंहार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट एक जनपद–एक उत्पाद सीतापुर की दरी को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए है। लेकिन मधु इंडिया डेको ने इसे अपनी श्ढालश बना लिया है। यहाँ न्यूनतम मजदूरी की दरें केवल सरकारी कागजों पर नृत्य करती हैं। धरातल पर मजदूरों को दी जाने वाली राशि किसी भीख से कम नहीं। आरोप है कि श्रम विभाग की मिलीभगत से करोड़ों रुपये का पीएफ और ईएसआई डकार लिया गया है। बुनाई करने वाले हाथ आज भी फटेहाल हैं, जबकि मालिक एक्सपोर्ट सब्सिडी की मलाई चाट रहे हैं। इस बार की होली हीरपुर के श्रमिक बस्तियों के लिए मातम जैसी थी। जहाँ पूरा प्रदेश उत्सव में डूबा था, वहीं इस मिल के मजदूरों के घरों के चूल्हे ठंडे पड़े थे। चर्चा है कि जब मजदूर अपने हक के लिए सिसक रहे थे, तब श्रम विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एसी कमरों से निकलकर फैक्ट्री मालिकों के साथ श्गुपचुपश दावतों में मशगूल थे। विभाग ने कानून की धज्जियां उड़ते देखीं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल श्सफेद कागजोंश की खानापूर्ति की गई। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का साफ संदेश है अपराधी या तो जेल में होंगे या प्रदेश के बाहर लेकिन मधु इंडिया डेको के मालिकों का रसूख इस दावे पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा रहा है। अटरिया और हीरपुर की जनता अब चुप बैठने वाली नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने अब इसे आर–पार की जंग घोषित कर दिया है। तत्काल प्रभाव से हाई–लेवल जांच दल का गठन हो। 30 सालों से मजदूरों के हक का जो पैसा डकारा गया है, उसे ब्याज सहित वसूला जाए। राजस्व और उद्योग विभाग मिलकर मिल के बही–खातों का पोस्टमार्टम करें।

# संकुल शिक्षकों की बैठक सम्पन्न

## - शिक्षक अपने कार्यो और दायित्वों के प्रति सजग रहें : संतोष

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। प्रदेश सरकार की प्रथम वरीयता और विभागीय निर्देशों के अनुपालन में स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र खैराबाद पर खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में ब्लॉक के समस्त संकुल शिक्षकों तथा आरपी के संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सत्र 2026 में नवीन संकुल शिक्षकों के चयनित होने के बाद एक दूसरे से परिचय प्राप्त कर उन्हें नई स्फूर्ति के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने खुले शब्दों में कहा किया अगर कहीं पर भी लापरवाही बरती गई या कार्य में शिथिलता पाई गई तो उसका उत्तरदायित्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं संबंधित शिक्षक का होगा, 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन किया जाए तथा तीन से 5 वर्ष के बच्चों का नामांकन आंगनबाड़ी केंदो मेंअनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही कक्षा 8 पास बच्चों का नामांकन भी उक्त विद्यालय के द्वारा कक्षा 9 में कराया जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया



जाए कि किस बच्चे का प्रवेश कहां किया गया है इसकी सूचना संबंधित को उपलब्ध कराई जाए, विद्यालयों में निपुण आकलन पर कार्य अनिवार्य रूप से किया जाए। पहले सप्ताह में ही शत प्रतिशत आंकलन कर लिया जाए,कक्षा एक और कक्षा 2 को मजबूत बनाने के लिए विद्यालय के वरिष्ठ या सबसे सक्रिय शिक्षक को जिम्मेदारी दी जाए, शिक्षा मित्रों से कक्षा एक और दो से अतिरिक्त कक्षाओं में शिक्षण कार्य करवाया जाए कक्षा एक व दो सहायक अध्यापक या प्रधानाध्यापक के पास ही रहेगा। श्री मिश्र ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ 9 अप्रैल को कंपोजिट विद्यालय मुलायमपुर से किया जाएगा जिसका समापन सरवरपुर विद्यालय में होगा। एआरपी आशुतोष कुमार तथा संजीव पटेरिया ने कहा कि आप सभी लोग कार्य करिए और जहां पर किसी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी। वहां पर पूरा सहयोग किया जाएगा तथा यह भी कहा गया कि प्रत्येक विद्यालय में कक्षा एक व दो पढ़ाने वाले सहायक अध्यापकों या प्रधानाध्यापकों का नम्बर तथा उनका कोड नोडल संकुल शिक्षक को शीघ्र उपलब्ध करा दें इसलिए सभी विद्यालयों में कक्षा आवंटन कार्य कर लिया जाए तथा निपुण आंकलन के नोडल, कक्षा एक दो का नोडल भी विद्यालय स्तर पर बना लिया जाए और संकुल के पांचों संकुल शिक्षकों में भी आपसी सामंजस से कार्यों का विभाजन कर लिया जाए। इस अवसर पर एआरपी वीरेन्द्र कुमार सिंह, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, पूनम बाजपेई आशुतोष कुमार सिंह, नोडल एआरपी संजीव पटेरिया जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन तथा समस्त संकुल शिक्षक नोडल संकुल शिक्षक आदि मौजूद रहे।

# मथुरा में जेडी आगरा ने अश्वनी जैन के साथ अन्य को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिला प्रशिक्षण संस्थान मथुरा में संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मण्डल आगरा डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल के संयोजन में कर्मयोगी कार्यशाला एवं अभिनंदन समारोह में प्रदेश के आगरा मण्डल के जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर सम्मानित किया। इसके साथ ही राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अनुशासन में महती भूमिका निभाने के लिए राजकीय हाई स्कूल नियामतपुर के प्रधानाचार्य डॉ संजीव यादव, जनपद में खेल प्रतियोगिता को प्रोत्साहित करने एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में तकनीकी सदस्य की भूमिका का निर्वहन के लिए जनपद क्रीड़ा सचिव डॉ दिनेश चाहर एवं सांस्.तिक कार्यक्रमों में महती भूमिका का निर्वहन करने के लिए श्रीमती रेवती देवी बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ सोनम सेठ को सम्मानित किया गया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के विभिन्न कार्यों के माध्यम से आगरा मण्डल को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रेरित किया। अश्वनी कुमार जैन ने जे डी डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल, डीआईओएस धीरेंद्र कुमार के साथ अपने परिवार, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न



विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है।

# दिशा समिति बैठक में मिली योजनाओं के प्रभावी संचालन की जिम्मेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। विकास भवन सभागार में सांसद, नगीना लोकसभा क्षेत्र चन्द्रशेखर की अध्यक्षता में दिशा



समिति (डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्हें पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से आमजन तक पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। सांसद चन्द्रशेखर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड स्तर पर नियमित निरीक्षण करें और योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाएं। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य आमजन के जीवन स्तर में सुधार लाना है, इसलिए इनके क्रियान्वयन में पूरी गंभीरता बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि योजनाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अलावा उन्होंने कहा कि योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए, जिससे पात्र व्यक्ति उनका लाभ उठा सकें। बैठक में जिलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने अपने–अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। इस दौरान जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समन्वय बनाकर कार्य करने पर विशेष बल दिया गया।

# सीएल जैन महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका भव्य शुभारंभ सीएल जैन महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव प्रवीन कुमार भटनागर एडवोकेट एवं प्राचार्य प्रोफेसर जीसी यादव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान विभिन्न खेलों में से पुरुष व महिला रस्साकसी तथा, बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें, रस्सा कसी गर्ल्स टीम में टीम सी विजई रही और पुरुष वर्ग में टीम बी विजई रही। गर्ल्स टीम में पूजा यादव, महक, लक्ष्मी, जानवी, मानसी शर्मा, अंशिका गुप्ता, प्रवेश व शुभांगी जैन और पुरुष टीम में हर्षित, करण, भुवनेश, सूरज राठौड़, विवेक कुमार यादव, सत्यम बाबू, प्रशांत व सचिन ने अपनी उत्.ष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार और निर्णायक डॉक्टर प्रदीप जैन और डॉ अरुण यादव रहे। बैडमिंटन पुरुष में सागर शर्मा और बैडमिंटन महिला में प्रवेश विजई रहे। निर्णायक मंडल पुरुष में डॉक्टर संजय सिंह, डॉक्टर के के सिंह, डॉक्टर राहुल चतुर्वेदी तथा महिला में डॉक्टर रश्मि जिंदल, डॉक्टर दीपिका चौधरी और डॉक्टर हेमलता यादव रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# धधक उठा जामुन का पेड़, राहगीरों में मची अफरातफरी, दमकल ने पाया काबू

न्यूज वाणी ब्यूरो



सिधौली, सीतापुर। बीबीपुर चौराहे के पास स्थित एक विशालकाय जामुन के पेड़ में अचानक आग लगने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पेड़ के खोखले हिस्से से गहरा धुआं निकलता देख राहगीर और स्थानीय लोग डर गए। गनीमत रही कि समय रहते सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग बुझा दी, जिससे मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों और राहगीरों पर मंडरा रहा खतरा टल गया। प्रमुख बिंदुरू कैसे टला बड़ा हादसा सतर्कता से बची जानरू एक स्थानीय फाउंडेशन की सेक्रेटरी समा सिद्दीकी ने सबसे पहले पेड़ से धुआं उठते देखा। उन्होंने बिना देरी किए वन विभाग और दमकल केंद्र को फोन कर घटना की जानकारी दी। पेड़ के भीतर सुलग रही थी आगरू दमकल कर्मियों ने पाया कि आग पेड़ के तने के भीतर बने खोखले गड्ढों में लगी थी। टीम ने पानी की बौछार कर गहराई तक लगी आग को पूरी तरह शांत किया। सुरक्षा पर उठे सवालरू फाउंडेशन द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि इस मार्ग से रोजाना भारी संख्या में लोग गुजरते हैं। यदि आग विकराल रूप लेती और पेड़ गिर जाता, तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। समय रहते सूचना मिलने से दमकल टीम ने त्वरित कार्रवाई की। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और अब कोई खतरा नहीं है।

# विकास के दावों की खुली पोल, चक्रतीर्थ मार्ग पर जलभराव से श्रद्धालु बेहाल

## – गंदे पानी के बीच से गुजरने को मजबूर स्थानीय लोग

न्यूज वाणी ब्यूरो



नैमिषारण्य, सीतापुर। करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र और उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण तीर्थ नगरी नैमिषारण्य में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत सरकारी दावों से कोसों दूर नजर आ रही है। सोमवार सुबह चक्रतीर्थ रोड स्थित आर्यावर्त बैंक के पास का नजारा देख श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों में भारी रोष देखने को मिला। सड़कों पर बहता नाले का पानीरू हल्की बारिश के बाद पुलिया चोक होने से गंदा पानी मुख्य मार्ग पर जमा हो गया है। स्थिति इतनी विकट है कि स्थानीय बस्ती से आने–जाने वाले लोग और तीर्थयात्री इसी दूषित पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। चक्रतीर्थ की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग पर जलभराव के कारण दूर–दराज से आए भक्तों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, जिससे पर्यटन और तीर्थाटन की छवि धूमिल हो रही है। करोड़ों के बजट और विकास परियोजनाओं की घोषणाओं के बावजूद, एक मामूली पुलिया और जलनिकासी की अव्यवस्था प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजी घोड़े दौड़ा रहे हैं। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आगामी पर्वों पर स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

# बिसवां में पान मसाला माफियाओं का नंगा नाच, प्रशासन मौन

## – जनता त्रस्त और कालाबाजारी ने तोड़ी आम आदमी की कमर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिसवां, सीतापुर। कस्बा बिसवां में इन दिनों पान मसाला माफियाओं की तानाशाही इस कदर हावी है कि छोटे दुकानदारों और उपभोक्ताओं का जीना मुहाल हो गया है। कमला पसंद, राजश्री और पान बहार जैसे ब्रांडेड मसालों का .त्रिम संकट पैदा कर सिंडिकेट ने बाजार को बंधक बना लिया है। रसूखदार एजेंसी संचालकों और बड़े जमाखोरों की जुगलबंदी ने बिसवां की सड़कों पर खुलेआम लूट मचा रखी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, पान मसाला एजेंसियों पर आने वाला माल छोटे दुकानदारों तक पहुँचने से पहले ही गायब हो जाता है। पिछले दरवाजे की सेटिंग आम दुकानदारों को श्स्टॉक खत्मश का बोर्ड दिखाकर वापस लौटा दिया जाता है, जबकि रात के अंधेरे में बड़े व्यापारियों की गाड़ियां माल से भरी जा



रही हैं। फर्जी रिकॉर्ड का मायाजाल कागजों पर वितरण का खेल तो बड़ी सफाई से खेला जा रहा है, लेकिन हकीकत में यह माल सीधे उन गोदामों में जा रहा है जहाँ से कालाबाजारी का नेटवर्क संचालित होता है। व्यापारियों का साफ कहना है कि यदि प्रशासन अपनी कुर्सी से उठकर गोदामों पर छापा मारे, तो लाखों का अवैध स्टॉक बरामद हो सकता है। यह महज एक व्यापारिक समस्या नहीं, बल्कि एक सुनियोजित आर्थिक अपराध है जिसे सफेदपोश संरक्षण प्राप्त है। पीड़ित दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन माफियाओं पर नकेल नहीं कसी गई और इनके लाइसेंस रद्द नहीं किए गए, तो जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी। मांग है कि वितरण रजिस्टर की निष्पक्ष जांच हो, संदिग्ध गोदामों की तत्काल घेराबंदी और छापेमारी की जाए, कालाबाजारी कर रहे माफियाओं को सलाखों के पीछे भेजा जाए।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्में वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्में वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# किसानों ने गेहूं खरीद केंद्र चालू कराए जाने की डीएम से की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिलाधिकारी कार्यालय से मामला सामने आया है जहां पर किसानों ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देकर बताया कि बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति चिल्ला, स्थान दोहतरा व समिति पलरा के गेहूं खरीद केंद्र अभी तक चालू नहीं किये गये। जिससे किसानों को केंद्रों से गेहूं वापस लाकर घर में रखना पड़ता है और भाड़ा भी ट्रैक्टर कर बेकार चला जाता है। मांग है कि उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए दोनों केंद्र अविलम्ब चालू कराये जाये। इस मौके पर कामता शरण द्विवेदी राजाराम बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति चिल्ला सदस्य, राजाराम विश्वकर्मा किसान मौजूद रहे।



# आपका बेटा हूं, बेटे की कमी महसूस नहीं होगी : करण भूषण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कैसरगंज संसदीय क्षेत्र के नगर पंचायत कैसरगंज के लदोर में बीते रविवार को सांसद करण भूषण ने समाजसेवी प्रभात सिंह की निधन की खबर पर वह उनके माता–पिता व बच्चों से मिले तथा अत्योंटी में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि मैं भी आपका बेटा जीवन में बेटे की कमी महसूस नहीं होने देंगे। यह शब्द सांसद श्री सिंह ने उस समय कहा जब एक परिवार के सदस्य माता–पिता व बच्चों पर कहर टूट पड़ा था इस दुख की घड़ी में श्री सिंह के साथ प्रतिनिधि सुनील सिंह, रुपेश सिंह जीतू, विवेक कुमार सिंह, अजय सिंह बिसेन, रईश अहमद, राजू जख्मी सहित आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा का 46 वाँ स्थापना दिवस मनाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील नानपारा के ग्राम माधी में भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस गिरधरपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बलहा विधानसभा की विधायक सरोज सोनकर मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सरोज सोनकर द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पार्टी के प्रखर विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद, अंत्योदय और सांस्कृतिक मूल्यों की विचारधारा पर आधारित पार्टी है, जो देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता राजेश कुमार मौर्य, गोविंद प्रसाद, लल्लन सोनकर, राजू सोनकर, अवधेश विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान माधी अच्छन खां सहित बूथ, मंडल एवं सेक्टर स्तर के बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संघर्षपूर्ण इतिहास, उपलब्धियों और संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए संकल्प लिया कि आगामी समय में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा तथा पार्टी की नीतियों को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा। समग्र रूप से, ग्राम माधी में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस संगठनात्मक उत्साह, वैचारिक प्रतिबद्धता और कार्यकर्ताओं की एकजुटता का सशक्त संदेश देता नजर आया।

# खड़िया क्षेत्र में बाघ की दहशत, स्कूल जाते बच्चों के सामने आया बाघ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के खड़िया गांव में सोमवार सुबह उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब कंपोजिट विद्यालय खड़िया में पढ़ने जा रहे बच्चों के सामने अचानक बाघ आ गया। ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खड़िया गांव के मजरा गोंडापुरवा से लगभग दो किलोमीटर दूर जंगल से सटे रास्ते से होकर बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आते–जाते हैं। सोमवार सुबह करीब 8 बजे गोंडापुरवा के लगभग 15 छात्र–छात्राएं समूह में विद्यालय जा रहे थे। इसी दौरान जंगल के पास अचानक बाघ सामने आ गया और बच्चों को देखकर गुर्राने लगा। बाघ को सामने देखकर बच्चे भय से जड़ हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाघ धीरे–धीरे उनकी ओर बढ़ने लगा। तभी पास के खेतों में काम कर रहे किसानों की नजर पड़ी। किसानों ने बिना समय गंवाए शोर मचाया, हाका लगाया और मौके पर दौड़ पड़े। लोगों की संख्या बढ़ती देख बाघ जंगल की ओर लौट गया, जिससे बच्चों की जान बच सकी। इस घटना में विद्यालय की छात्रा अंशिका पुत्री ध्रुव शर्मा, रिया पुत्री श्याम बिहारी, ऋषिका पुत्री पिंकू सहित अन्य बच्चे बुरी तरह सहम गए। बच्चों का कहना है कि यदि ग्रामीण समय पर नहीं पहुंचते तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। विद्यालय के शिक्षक शिव शंकर गुप्ता ने बताया कि गोंडापुरवा से आने वाले करीब 15 बच्चे प्रतिदिन इसी रास्ते से स्कूल आते हैं। बाघ की इस तरह की आवाजाही से बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान चंद्रेश कुमार मौके पर पहुंचे और बच्चों को सुरक्षित विद्यालय तक पहुंचाया। उन्होंने वन विभाग को घटना की जानकारी देते हुए मांग की कि क्षेत्र में बाघ की लगातार मौजूदगी को देखते हुए तत्काल पिंजरा लगाकर उसे पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से सटा क्षेत्र होने के कारण आए दिन जंगली जानवर गांव के आसपास देखे जा रहे हैं। यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ी और दुखद घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल घटना के बाद बच्चों, अभिभावकों और ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।

# सभी ब्लाकों व नगरीय निकायों में लगेंगे लोक कल्याणकारी शिविर

## – पात्रों को मौके पर मिलेगा योजनाओं का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुचाने हेतु 15 अप्रैल से 7 मई तक विशेष लोक कल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन योजनाएं (वृद्धावस्था, दिव्यांग, विधवा), मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और कन्या सुमंगला योजना सहित विभिन्न योजनाओं के आवेदन और सुधार की प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी, सभी शिविरों का समय प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक निर्धारित किया है। जिलाधिकारी ने इस सम्बन्ध में कडे निर्देश जारी किए गए जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहें। उन्होने मुख्य विकास अधिकारी को शिविरों में मेडिकल बोर्ड और चिकित्सीय दल तैनात करने के निर्देश दिए है, ताकि दिव्यांगजनों का परीक्षण कर मौके पर ही प्रमाण पत्र बनाया जा सके, जबकि जिला पूर्ति अधिकारी और समाज कल्याण अधिकारी और अन्य सम्बन्धित अधिकारी पात्र लोगों का चिन्हांकन कर योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे, जिलाधिकारी ने सभी जनपद के नागरिकों से अपील की है कि वह अपने क्षेत्र में निर्धारित तिथि पर पहुंच कर इन शिविरों का अधिकतम लाभ उठायें।



# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की मासिक बैठक संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष राम सिंह कछवाह (सिंधन कला) की अध्यक्षता में मासिक बैठक पंचवटी आश्रम कार्यालय (साहब तालाब के सामने) जेल रोड में सम्पन्न हुई। बैठक के पूर्व परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, वीर हनुमान एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया, तत्पश्चात सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई। परिचय के साथ बैठक की शुरुआत हुई। मासिक बैठक का उद्देश्य सभी क्षत्रिय बन्धु एक मंच पर मिलते–जुलते हैं और प्रत्येक मासिक बैठक में नये नये बन्धु जुड़ते हैं एक दूसरे का कुशल क्षेम पूछते है। महासभा में चल रहे कार्यों की आपस में चर्चा, परिचर्चा, सुझावों पर विस्तृत चर्चा एवं प्रस्तावित पारित कर कियान्वयन कराना, साथ पिछले माह में महासभा द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा एवं आगामी कार्यों पर चर्चा पर बन्धुओं ने अपने अपने विचार रखे। मुख्य रूप से छात्रावास का निर्माण, तो शुरू हो गया है। इस कार्य में तेजी लाना, इसमें सभी कार्यकर्ताओं को सक्रियता से कार्य करना, निधि संकलन एवं निर्माण में लगने वाली सामग्री के लिए जिसके जहां सम्पर्क है उनसे भेंट कर संकलन करवाएं। जैसा कि पहले की बैठकों में प्रस्ताव पारित किया गया था कि गांव गांव सम्पर्क कर निधि संकलन,धन के रुप में,एक मुठ्ठी अन्न के रुप में लेकर इस प्रकल्प में भाव जोड़ा जाएगा, पिछले वर्ष पचनेही गांव से यह कार्य शुरू किया गया था, इसको 15 अप्रैल से अन्य गांवों से फिर शुरू होगा इसकी योजना जल्द ही बनाई जायेगी, सभी कार्यकर्ता टोली बनाकर जायेंगे और संकलन करवाएंगे, यह कार्य सभी का है, सभी की जिम्मेदारी है, इसलिए सक्रियता से सहयोग करें। महासभा के संरक्षक रमजोर सिंह चंदेल निर्माण की प्रगति, बीम, पाएं लिंग, जल संस्थान द्वारा पानी का कनेक्शन हो गया है, इत्यादि पर व्यय पर वयौरा दिया। योगाराज द्वारा प्रस्ताव रखा कि हाल में लगातार आंधी तुफान, बारिश से फसल का नुक्सान हो गया गया है। इस पर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को महासभा द्वारा देना चाहिए, सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सामूहिक रूप ज्ञापन जल्दी ही दिया जाएगा। पीके सिंह मीडिया प्रभारी, धीरेन्द्र सिंह गौर कोषाध्यक्ष, रमजोर सिंह चंदेल संरक्षक, योगाराज सिंह आदि ने अपने अपने सुझाव दिए। बैठक का संचालन महासचिव शान्ति भुषण सिंह गौतम ने किया एवं सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन किया जिलाध्यक्ष राम सिंह कछवाह सिंधन कला ने, कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ। मासिक बैठक में अमर सिंह चौहान उर्फ हरी सिंह, शिव शरण सिंह सेंगर, धनंजय सिंह कछवाह, पीके सिंह मीडिया प्रभारी, रमजोर सिंह चंदेल संरक्षक, बलराम सिंह बसहरी, राम सिंह कछवाह सिंधन कला अध्यक्ष, राम नरेश सिंह चौहान शामिल रहे।



# निजी स्कूलों की मनमानी व बर्बाद किसानों को लेकर जेडीयू ने सौंपे दो ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने आज जनपद की ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्रशासन को घेरते हुए जिलाधिकारी कार्यालय में दो महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपे, पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने निजी स्कूलों की मनमानी और हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों को हुए भारी नुकसान पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की मांग की, प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में दिए गए पहले ज्ञापन में निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों के आर्थिक शोषण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया, ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि स्कूल प्रबंधन हर वर्ष निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें बदलकर अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालते हैं ताकि पुरानी किताबों का उपयोग न हो सके, इसके अलावा यूनिफॉर्म और शिक्षण सामग्री को निर्धारित दुकानों से खरीदने का दबाव बनाया जाता है, जदयू ने मांग की कि सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य की जाएं तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर 5 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाए, साथ ही बिना खेल मैदान वाले स्कूलों की मान्यता रद्द करने की भी चेतावनी दी गई, इसके साथ ही दूसरे ज्ञापन में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की दयनीय स्थिति को उठाते हुए कहा गया कि हाल की भारी बारिश और ओलावृष्टि ने बुंदेलखंड के किसानों की कमर तोड़ दी है और वे कर्ज के बोझ तले दब गए हैं ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि फसलों की बर्बादी किसानों को आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर कर सकती है, पार्टी ने मांग की कि राजस्व विभाग की टीमों द्वारा तत्काल पारदर्शी सर्वे कराया जाए और नुकसान का मुआवजा सीधे किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजा जाए, साथ ही कृषि ऋणों की वसूली पर तत्काल रोक और ब्याज माफी सुनिश्चित की जाए, इस



अवसर पर रवीन्द्र नाथ गुप्ता, उमाकांत सविता पिंकी प्रजापति, श्रीराम प्रजापति, बिहारी लाल अनुरागी, अरुण गुप्ता,भुवनेश्वर तिवारी,सद्दाम हुसैन कुंवर धनजय सिंह, बाबूलाल चौधरी,धर्मेंद्र कुमार,सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जदयू नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने शीघ्र संज्ञान नहीं लिया तो पार्टी जनता के हितों के लिए उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

## - कार्यकर्ताओं के तप, त्याग और निष्ठा ने भाजपा को वट वृक्ष के रूप में खड़ा किया : रामकेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। भाजपा का स्थापना दिवस पार्टी जिला कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स इस अवसर पर



पार्टी का ध्वजारोहण कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि असंख्य कार्यकर्ताओं के तप, त्याग और निष्ठा ने भाजपा को एक ऐसे वट वृक्ष में परिवर्तित किया है जो नये भारत की आकांक्षाओं का सशक्त प्रतिनिधित्व करता है स श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रखर राष्ट्रवादी संकल्प, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन और अटल विहारी बाजपेई के के नेतृत्व से प्रेरित भाजपा राष्ट्र सर्वोपरि के उस मूल भाव का प्रतीक है जिसने राजनीति की सेवा, समर्पण और जनकल्याण का माध्यम बनाया है स सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि यह दिन उन महान विभूतियों को स्मरण करने का है जिनके तप, त्याग और तपस्या से इस संगठन की नींव रखी है डा, श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्रीय एकता का सन्देश दिया स पं दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन ने समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास का अधिकार दिया स जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई, नाना जी देशमुख, विजयाराजे सिंधिया, लाल. कृष्ण आडवानी ने संघर्ष और समर्पण से इस संगठन को वट वृक्ष की भांति खड़ा किया उनके आदर्शो पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए स नरैनी विधायक ओम मणि वर्मा, पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा सेवा, समर्पण और संस्कार के संकल्प के साथ देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को निरंतर शक्ति दे रहा है भाजपा की यह विश्वास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है, विस्तार की नहीं विचार की है अंत्योदय से राष्ट्रवोदय के संकल्प की सिद्धि है स कार्यक्रम में संतोष गुप्ता, जगराम सिंह, अशोक त्रिपाठी जीतू, अखिलेश श्रीवास्तव, लवलेश सिंह, मालती बासू, चंद्रपाल कुशवाहा, वंदना गुप्ता, ममता मिश्रा, उत्तम सक्सेना, सुधीर कुशवाहा, संगीता निराला आदि मौजूद रहे।

# खौफनाक वारदात : बहू को जिंदा फूंकने वाले दरिंदों पर कब चलेगा बुलडोजर?

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले में मानवता को शर्मसार करने वाली एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। एक बेबस बाप अपनी मासूम नातिन को गोद में लिए और परिवार के साथ न्याय की भीख माँगने एसपी दतर की चौखट पर खड़ा है। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी लाड़ली को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया। इस जघन्य हत्याकांड में पुलिस ने पति, सास, ससुर, ननद और देवर समेत कुल सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिसिया कार्रवाई में अब तक दो आरोपियों को गिरतार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि 5 आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर खुलेआम घूम रहे हैं। मामले में एक नया मोड़ तब आया जब मुख्य आरोपी यानी मृतका के पति को इलाज के बहाने कानपुर रेफर कर दिया गया। पीड़ित पिता का कहना है कि यह पुलिस और प्रशासन को गुमराह करने की एक चाल है। उनका आरोप है कि आरोपी पक्ष रसूखदार है और अपनी पहुँच का फायदा उठा रहा है। हैरानी की बात यह है कि फरार आरोपी पुलिस के खौफ से बेपरवाह होकर पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकियाँ दे रहे हैं। पिता ने सिसकते हुए बताया कि वे हमें रोककर कह रहे हैं कि केस वापस ले लो, नहीं तो जैसे तुम्हारी बेटी को जलाया है, वैसे ही तुम सबको भी बीच सड़क पर मारकर फेंक देंगे। डर के मारे यह परिवार दर–दर भटक रहा है और अपने ही घर जाने से कतरा रहा है। गुस्साए परिजनों ने प्रशासन से सीधे तौर पर बुलडोजर कार्रवाई की माँग की है। उनका दावा है कि इन दरिंदों ने सरकारी पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जा करके अपना साम्राज्य खड़ा किया है। परिवार की दो टूक माँग है कि हमारी बेटी को जलाया है, अब इनके अवैध मकानों को जमींदोज किया जाए और मुख्य हत्यारों को फाँसी के फंदे तक पहुँचाया जाए। एडिशनल एसपी ने परिवार को आश्वासन तो दिया है, लेकिन सवाल वही है क्या बांदा पुलिस इन फरार 5 गुनहगारों को दबोच पाएगी? या फिर पीड़ित परिवार यूँ ही धमकियों के साये में जीने को मजबूर रहेगा?



# सीएम आवास योजना ग्रामीण को लेकर डीएम सख्त

## - 15 अप्रैल तक शत-प्रतिशत आवास पूर्ण करने के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन के कुशल नेतृत्व, मुख्य विकास



अधिकारी शत्रोहन वैश्य और परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी के निरंतर पर्यवेक्षण के परिणाम स्वरूप जनपद को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वर्ष 2025–26 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है, जनपद में अब तक कुल निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष 85.56 प्रतिशत आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, इस तरह जनपद को 1260 आवासों का लक्ष्य मिला था जिसमें से 1078 आवास पूर्ण कर लिए गए है, अगर हम ब्लॉक अनुसार बात करें तो इस महत्वपूर्ण योजना में खण्ड विकास अधिकारियों के प्रयासों से ब्लॉकों को निर्धारित मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लक्ष्य की प्रगति इस प्रकार रही, अरांव ब्लॉक को 137 का लक्ष्य आवंटित था जिसके सापेक्ष 121 आवास पूर्ण कर लिए गए है, एका में 158 के सापेक्ष 140 आवास, फिरोजाबाद में 162 के सापेक्ष 140 आवास, जसराना में 116 के सापेक्ष 103 आवास, खैरगढ़ में 31 के सापेक्ष 25 आवास, मदनपुर में 149 के सापेक्ष 116 आवास, नारखी में 232 के सापेक्ष 201 आवास, शिकोहाबाद में 167 के सापेक्ष 148 आवास जबकि टूण्डला में 108 के सापेक्ष 84 आवास पूर्ण कर लिए गए है, इस तरह पूरे प्रदेश में इस महत्वपूर्ण योजना में जनपद को 14 वीं रैंक प्राप्त हुई है। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने लम्बित आवासों का निर्माण कार्य 15 अप्रैल से पहले तक पूर्ण करने हेतु सभी खण्ड विकास अधिकारियों को और एडीओ पंचायतों को निर्देशित किया है कि, उन्होने कहा है कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त् नही की जाएगी, पीडीडीआरडीए को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि वह प्रतिदिन वह ब्लॉक वार समीक्षा करें ताकि समयसीमा के भीतर हर पात्र को छत मिल सके, जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति विशेषकर दिव्यांगजन, निराश्रित विधवाऐं घुमन्तु नट जनजाति आवास से वंचित न रहें उन्होने कहा कि यह प्रशासनिक लक्ष्य नही है, बल्कि उन असंख्य परिवारों के सपनो से जुडा हुआ संकल्प है, जो वर्षों से अपने पक्के घर की प्रतीक्षा कर रहें है, जिससे उन्हे एक सुरक्षित और स्थिर जीवन मिल सके।

# सशस्त्र सीमा बल ने भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी का प्रयास किया विफल

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। सटीक सूचना के आधार पर, मुख्य आरक्षी (सामान्य) लाल सिंह आजाद के नेतृत्व में दो अन्य जवानों के साथ एक नाका दल का गठन किया गया। यह दल रात्रि लगभग 02.30 बजे सीमा स्तंभ संख्या 651/18 की ओर रवाना हुआ। नाका ड्यूटी के दौरान, जवानों ने देखा कि चार व्यक्ति नेपाल से भारत की ओर पैदल आ रहे हैं और उनके साथ बकरियों का एक झुंड है। संदिग्ध प्रतीत होने पर जब नाका दल ने उन्हें रुकने की चुनौती दी, तो चारों व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया। हालांकि, सतर्क जवानों ने घेराबंदी कर चारों अभियुक्तों को बकरियों के साथ मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्तियों के पास से कुल 43 बकरियां बरामद की गईं। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे इन बकरियों को नेपाल से तस्करी कर भारत के रुपैडिहा बाजार में बेचने के लिए ले जा रहे थे। अभियुक्तों ने बताया कि वे आर्थिक लाभ के लिए इस अवैध कार्य में संलिप्त हैं। पकड़े गए चारों अभियुक्त ग्राम–बर्तान्वा, रुपईडीहा के निवासी हैं। आवश्यक कागजी कार्यवाही पूरी करने के उपरांत, पकड़े गए चारों अभियुक्तों को थाना रुपैडिहा की पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। बरामद की गई 43 बकरियों को अग्रिम कार्यवाही हेतु काजी हाउस (पशु आश्रय) के हवाले किया गया।



# पारिवारिक विवाद व विवाह को लेकर शान्ति व्यवस्था भंग करने पर सात गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व शांति व्यवस्था कायम रखने व शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियो की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 शिवेश कुमार शुक्ला मय पुलिस बल के ग्राम गुलमागाँव में पारिवारिक एवं विवाह की बात को लेकर लड़ झगड़ कर शान्ति भंग करने पर रामसागर पुत्र गेदेलाल वर्मा उम्र करीब 45 वर्ष, संदीप कुमार वर्मा पुत्र राम सागर उम्र करीब 40 वर्ष निवासीगण गलुमागांव दा0 बसन्तपुर उदल थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच, सुरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र चिन्नूराम उम्र करीब 40 वर्ष, विशाल वर्मा पुत्र विन्देश्वरी वर्मा उम्र करीब 19 वर्ष, विन्देश्वरी वर्मा चिन्नूराम वर्मा उम्र करीब 36 वर्ष निवासी गण ग्राम पटना कालोनी दा0 हथियाबोझी थाना रूपईडीहा को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएस में नियमानुसार कारण गिरतारी बताते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया तथा ग्राम भगवानपुर सोरहिया में पारिवारिक विवाद को लेकर लड़ झगड़ कर शान्ति व्यवस्था भंग करने पर अनीश उर्फ छोटू पुत्र बरखू उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम भगवानपुर दा0 सोरहिया थाना रूपईडीहा, मेराज खां पुत्र रियासत खां उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम बढनी थाना धबरूआ जनपद सिद्धार्थ को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएस नियमानुसार कारण गिरतारी बताते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरतारशुदा के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर संबंधित न्यायालय नानपारा पेशी हेतु रवाना किया गया।




# भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बने पुष्पेन्द्र

## – योगेश को मिली ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष की जिम्मेदारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। शिकोहाबाद में भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा का प्रथम आगमन ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व रहा। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख कार्यकर्ताओं योगेश यादव एवं एडवोकेट पुष्पेंद्र यादव द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान फिरोजाबाद एवं मैनपुरी में संगठन के विस्तार की औपचारिक घोषणा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसमें एड. पुष्पेंद्र यादव राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, योगेश यादव ब्रज प्रांत अध्यक्ष ब्रजकिशोर बघेल प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश आकाश यादव मंडल सचिव राम यादव मंडल उपाध्यक्ष रवीश यादव मंडल संगठन मंत्री वीर प्रताप सिंह जिला महासचिव रामेंद्र कुमार जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत कुशवाह जिला सचिव नागेन्द्र प्रताप युवा जिलाध्यक्ष (फिरोजाबाद) इसके साथ ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिससे संगठन की ताकत और विस्तार को नई दिशा मिली। राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय किसान क्रांति यूनियन किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने एवं हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए संकल्पित है। ब्रज प्रांत अध्यक्ष योगेश यादव जी ने कहा कि संगठन किसानों के सम्मान, हक और अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि अब किसानों की आवाज को दबाया नहीं जा सकेगा और हर गांव–गांव तक संगठन को मजबूत किया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एड. पुष्पेंद्र यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय किसान क्रांति यूनियन एक मजबूत और ईमानदार मंच है, जहां किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर किसानों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम संगठन की एकजुटता, ऊर्जा और किसानों के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। आने वाले समय में संगठन किसानों के हितों के लिए और भी बड़े स्तर पर संघर्ष करता नजर आएगा। संगठन ने संकल्प लिया है कि ईमानदारी, संघर्ष और समर्पण के बल पर जल्द ही प्रदेश का नंबर–1 किसान संगठन बनकर उभरेगा।

# समाजवादी व्यापार सभा की बैठक में संगठन विस्तार

## – नए पदाधिकारियों की नियुक्ति, व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक पांच अप्रैल को शहर स्थित बीकानेर रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन का विस्तार करते हुए कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में राजीव यादव को जिला उपाध्यक्ष तथा पूर्व समासद शारिक अंसारी, राज तिवारी और फरमान वारसी



को जिला सचिव पद पर मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष राजीव चंदेल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते हुए अपेक्षा जताई कि वे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों पर चलते हुए समाजवादी नीतियों का प्रचार–प्रसार करेंगे तथा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रतिष्ठित व्यापारी संतोष राजपूत ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ सपा नेता एवं एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजवादी नेता आनंद यादव टंटी एवं अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फरहान शकील शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत महामंत्री हरीश जौहरी, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश जोशी, राजा खानजादा, शहर प्रभारी साजिद अली अशरफी और जसवंतनगर विधानसभा अध्यक्ष सुरेश चंद वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। साथ ही बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर से उत्पन्न समस्याओं को लेकर रोष व्यक्त किया गया और शीघ्र ही संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराने की बात कही गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारियों की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।

# झपटमारी का खुलासा, चार अभियुक्त गिरफ्तार

## – मुठभेड़ में दो बदमाश घायल, हथियार व लूटा माल बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपराध नियंत्रण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल करते हुए इटावा पुलिस ने थाना लवेदी क्षेत्र में हुई झपटमारी की घटना का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने इस मामले में कुल चार अभियुक्तों को गिरतार किया है। कार्रवाई के दौरान 02 शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल, 02 अवैध तमंचे 315 बोर, 06 जिन्दा कारतूस, 04 खोखा कारतूस, लूटी गई चेन का 15 ग्राम पिघला हुआ सोना, 05 मोबाइल फोन, नकदी बरामद की है। यह पूरी कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में एसओजी सर्विलांस टीम, थाना बकेवर पुलिस, थाना लवेदी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गई। घटना का विवरण 28 मार्च को विनोद कुमार तिवारी निवासी दाउदपुर, थाना लवेदी ने तहरीर दी थी कि वह अपनी पत्नी के साथ कस्बा लखना से घर लौट रहे थे। लालपुर पुलिया के पास पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन छीन ली और बम्बा रोड की ओर फरार हो गए। इस संबंध में थाना लवेदी पर मुकदमा संख्या 11/2026 धारा 304(2) बीएनएस दर्ज किया गया।







गिरतारी व मुठभेड़ 05, 06 अप्रैल की रात एसओजी सर्विलांस, थाना बकेवर पुलिस टीम महासिंहपुर पुल पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक काली अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों ने पुलिस को देखकर फायरिंग कर दी। सूचना पर थाना लवेदी पुलिस भी मौके पर पहुंची और घेराबंदी की गई। खुद को घिरता देख बदमाशों ने दोबारा फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस की आत्मरक्षार्थ कार्रवाई में विश्वास उर्फ विशु के बाएं पैर, राघवेंद्र शुक्ला के दाहिने पैर में गोली लगी। इसके बाद घेराबंदी कर इनके दो अन्य साथियों सूरज राजावत, शंकर सोनी को झालपुल के पास से गिरतार किया गया। पूछताछ में खुलासा गिरतार अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 28 मार्च को लवेदी क्षेत्र में दंपत्ति से सोने की चेन छीनी थी। बरामद सोना उसी चेन का पिघलाया हुआ हिस्सा है। गिरतार अभियुक्त विश्वास उर्फ विशु पुत्र जितेंद्र शुक्ला निवासी कानपुर नगर, कस्बा लखना, मुख्य अभियुक्त राघवेंद्र शुक्ला पुत्र लालजी शुक्ला निवासी कानपुर नगर कस्बा लखना, मुख्य अभियुक्त सूरज राजावत पुत्र राकेश राजावत निवासी कस्बा लखना, रेकी करने वाला शंकर सोनी पुत्र जगदीश सोनी निवासी कस्बा लखना, माल खरीदने वाला सुनार पंजी.त अभियोग मुकदमा संख्या 90/2026 धारा 109(1), 61(2), 317(2) बीएनएस, 7, 25, 27 शस्त्र अधिनियम, थाना बकेवर मुकदमा संख्या 11/2026 धारा 304(2) बीएनएस, थाना लवेदी बरामदगी एक बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल, 15 ग्राम पिघला हुआ सोना, 05 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचे 315 बोर, 06 जिन्दा कारतूस, 04 खोखा कारतूस, नकदी पुलिस टीम प्रथम टीम, प्रभारी एसओजी सर्विलांस मय टीम द्वितीय टीम, थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक मय टीम, थानाध्यक्ष लवेदी मय टीम फिलहाल अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

# ओलावृष्टि से फसल नुकसान पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## – किसानों के लिए मुआवजे की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला कांग्रेस कमेटी ने दैवीय आपदा के चलते किसानों की फसलों को वर्षा और ओलावृष्टि से हुए भारी नुकसान को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन




सौंपकर उचित जांच के बाद मुआवजा देने की मांग की। जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने बताया कि जनपद में हुई मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं चना, सरसों और सब्जियों की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है, जिससे किसान हताश और निराश हो गए हैं तथा कई किसान आर्थिक संकट की स्थिति में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि किसान होने के नाते वह इस पीड़ा को भली–भांति समझते हैं और प्रशासन से जल्द राहत दिलाने की मांग करते हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए यह पहल की गई है और अगले चरण में जनपद के आठों ब्लॉकों में भी ज्ञापन सौंपे जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में आशुतोष दीक्षित, प्रशांत तिवारी, करण सिंह राजपूत, मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, विष्णु कांत मिश्रा, मोहित प्रताप, दीक्षा शुक्ला, आसिफ जादरान, सतीश नागर, प्रदीप दुबे, वाचस्पति दुबेदी, अमन तिवारी, रणवीर यादव, धर्मेंद्र पूनिया, कुसुमलता उपाध्याय, रोहित चौहान, विश्वनाथ प्रताप सिंह, ज्योति धनराज, अनिल वैद, रोहित राजपूत सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा ने मनाया 47 वां स्थापना दिवस, कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

## – ध्वजारोहण, मिठाई वितरण व वरिष्ठ नेताओं के संबोधन से गूंजा कार्यालय

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी ने अपने 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद कार्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने की, जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने पार्टी का ध्वजारोहण किया और उपस्थित कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक राजनीतिक दल की स्थापना का दिवस नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, सुशासन और भारत को विश्व में गौरव दिलाने के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत को परमाणु शक्ति बनाकर देश की ताकत का एहसास कराया और विकास की मजबूत नींव रखी, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी के नेतृत्व में देश ने कूटनीति, अर्थव्यवस्था और तकनीक के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। आज भारत विश्व मंच पर निर्णायक भूमिका निभा रहा है और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े सेवा संगठन का हिस्सा होने पर सभी को गर्व होना चाहिए। उन्होंने 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को और अधिक सशक्त करने का आह्वान करते हुए सभी वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ रमाकांत शर्मा, राजेंद्र गुप्ता, कमलाकांत शर्मा, राजबहादुर यादव, दिवाकांत शुक्ला, रामसेवक दुबे, रामकुमार त्रिपाठी, प्रेम नारायण त्रिपाठी, सुरेश मिश्रा व रामकुमार वाजपेयी सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक डॉ सिद्धार्थ शंकर दोहरे, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा सहित कई नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़ ने किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाह, हरिकिशोर तिवारी, विनीता गुप्ता, गणेश शंकर पोरवाल, अनूप जाटव, आयुष राज, विरला शाक्य, अशोक चौबे, अमित तिवारी, बासु चौधरी, संजीव भदौरिया, यशवर्धन चौधरी, राजकमल यादव, अभिषेक मिश्रा, मधु तोमर, संजू बाबू शाक्य, प्रीति दुबे, सुरेश राजपूत, जितेंद्र पाल, राजकुमार वर्मा, रोहित शाक्य, अंकित सैनी, विमलेश शाक्य, दीपू चौहान सहित पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आतंकी कनेक्शन खुलने पर पुलिस की बड़ी चूक उजागर

## – दो अफसरों पर गिरी गाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। लखनऊ में पकड़े गए संदिग्ध आतंकियों के तार दुबई में बैठे मेरठ निवासी आकिब खान से जुड़ने के बाद बिजनौर पुलिस की पुरानी जांच पर सवाल खड़े हो गए हैं। पिछले साल वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने आकिब को क्लीनचिट दे दी थी, जिसे अब गंभीर लापरवाही माना जा रहा है। एसपी अभिषेक झा ने तत्कालीन नांगलसोती थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह मलिक को निलंबित कर दिया है, जबकि नजीबाबाद सीओ नितेश प्रताप सिंह को हटा दिया गया है। साथ ही विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। दरअसल, नवंबर 2025 में सौफतपुर निवासी मैजुल के एक वीडियो में आकिब कथित तौर पर एके–47 और ग्रेनेड दिखाता नजर आया था। जांच के दौरान आकिब ने इन्हें खिलौना और परयूम बताकर पुलिस को गुमराह किया और पुलिस ने मामला बंद कर दिया। अब एटीएस द्वारा साकिब उर्फ डेविल समेत चार संदिग्धों की गिरतारी के बाद खुलासा हुआ कि साकिब का सीधा संपर्क आकिब से था, जिसने उसे सोशल मीडिया के जरिए विदेशी हैंडलर्स से जोड़ा। इसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और कार्रवाई की गई।

# भटकी नाबालिग बालिका को सकुशल परिजनों से मिलाया

## – पुलिस की सतर्कता से परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए रास्ता भटक गई एक नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों से मिलाया। यह कार्यवाही मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) एवं ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम वैदपुरा चौराहे पर महिला एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु मौजूद थी। इसी दौरान रजमऊ रोड पर एक नाबालिग बालिका अकेली खड़ी दिखाई दी। टीम ने बालिका से नाम–पता पूछकर जानकारी ली, जिस पर उसने बताया



कि वह अपनी मौसी के घर जा रही थी, लेकिन रास्ता भटक गई है। इसके बाद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालिका के परिजनों से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया और बालिका को थाना लाकर महिला हेल्प डेस्क पर सुरक्षित व सम्मानपूर्वक बैठाया। सूचना मिलने पर परिजन थाने पहुंचे। बालिका के पिता ने बताया कि उनकी पुत्री बिना बताए घर से मौसी के यहां चली आई थी और वे उसकी तलाश कर रहे थे। मिशन शक्ति अभियान एवं ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत बालिका करिश्मा को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपनी पुत्री को सुरक्षित पाकर परिजन बेहद खुश नजर आए और पुलिस के इस सराहनीय कार्य की भूरि–भूरि प्रशंसा की। इस सराहनीय कार्य में थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक मोहन सिंह, कांस्टेबल अमित कुमार, महिला हेड कांस्टेबल माया देवी, महिला कांस्टेबल टीना सिंह की प्रमुख भूमिका रही।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सीपीआर प्रशिक्षण से निखरे विद्यार्थियों के कौशल

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बीएएमएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सीपीआर (कार्डियो–पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रभावी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सही जीवनरक्षक तकनीकों के प्रति जागरूक करना और उन्हें व्यावहारिक रूप से दक्ष बनाना रहा। कार्यशाला में एसोसिएट प्रोफेसर (क्रिया शारीर) डॉ. मनीष कुमार शर्मा ने सीपीआर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से बताया कि हृदयगति रुकने की स्थिति में शुरुआती कुछ मिनट बेहद अहम होते हैं, जिनमें सही तरीके से सीपीआर देने पर किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान स्वयं अभ्यास कर तकनीक को समझा। इस अवसर पर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश चंद्र तिवारी सहित डॉ. देवेश तिवारी, डॉ. मुकेश माहिच, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. प्रियंका शर्मा, संजय गौतम, डॉ. इरफान, डॉ. उमेश नारायण मिश्रा, डॉ. शालू गुप्ता, डॉ. निधि पोरवाल एवं जेपी शुक्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महत्वपूर्ण जीवनरक्षक कौशल सीखे। अंत में प्राचार्य ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य के चिकित्सकों में आत्मविश्वास, तत्परता और आपातकालीन चिकित्सा की समझ को मजबूत बनाते हैं।

# पुलिस ने हत्याभियुक्त को किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित अभियुक्तगण की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल



नेतृत्व में थाना अरांव पुलिस टीम द्वारा थाना अरांव पर पंजी.त मु0अ0सं0 43/26 धारा 109(1), 351(2), 352 बीएनएस वांछित अभियुक्त देवेश कुमार पुत्र प्रदीप कुमार निवासी ग्राम नगला हीरामन थाना अरांव को नगला हीरामन रोड पर थाना अरांव से गिरतार किया गया है। अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर को नगला हीरामन की तरफ जाने वाले रोड के किनारे गढे बिजली के पोल के पास खेत से बरामद किया गया है।

# नगर पालिका में नामित सभासदों ने ली शपथ

## – शहर के समग्र विकास का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका सदर के सभागार में शासन द्वारा नामित पांच सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी सदर अनामिका श्रीवास्तव ने अभिषेक श्रीवास्तव, विकास गुप्ता, अभिलाषा सिंह, सुनिधि तिवारी और ज्ञाना पासवान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार मौर्य, अधिशासी अधिकारी रविन्द्र सिंह सहित अन्य सभासद और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर शहर के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के बेहतर प्रबंधन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विनय तिवारी, अखिलेश, सुनील गुप्ता, मुन्नी लाल, संजय लाला, अतीश पासवान, दीपक मौर्या, अवधेश जायसवाल, टीकू समेत स्थानीय गणमान्य नागरिकों की खासी भीड़ रही। नवनिर्वाचित सभासदों ने शपथ ग्रहण के बाद शहर की स्वच्छता, विकास कार्यों और नागरिक कल्याण को प्राथमिकता देने का भरोसा जताया।



यह समारोह नगर पालिका परिषद में नई ऊर्जा और सकारात्मक माहौल का संदेश देता है, जहां नामित सदस्य अब चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ मिलकर फतेहपुर को बेहतर बनाने में योगदान देंगे।

# पुलिस मुठभेड़, दो हिस्ट्रीशीटर दबोचे, गोमांस व हथियार बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। पुलिस ने शनिवार रात मुठभेड़ के दौरान दो हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को गिरतार किया। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी के अनुसार, सूचना पर पुलिस तुख्मापुर के जंगल में पहुंची, जहां एक कार और बाइक संदिग्ध हालत में मिली। रोकने पर आरोपी भागने लगे। इसी दौरान बाइक फिसल गई और अफरा–तफरी में एक बदमाश घायल हो गया। कार सवार ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई और उसे भी पैर में गोली लगी। घायलों की पहचान मोहल्ला कलालान निवासी वाहिद उर्फ टल्ली और अल्ताफ के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के पास से तमंचा, पशु वध के उपकरण, कार और करीब 55 किलो संरक्षित पशु का मांस बरामद किया है। दोनों आरोपियों पर विभिन्न थानों में दो–दो दर्जन मुकदमे दर्ज बताए गए हैं।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के चकबिसौली गांव निवासी चन्द्रपाल का 40 वर्षीय पुत्र रामचन्द्र ई–रिक्शा चालक है। बताते हैं कि शहर से गांव जा रहा था। तभी गांव के समीप ही अनियंत्रित होकर ई–रिक्शा पलट गया जिससे वह घायल हो गया। उधर असोथर थाना क्षेत्र के सरकंडी गांव निवासी बुद्धूराम का 46 वर्षीय पुत्र नोखेलाल बाइक से सामान लेने जा रहे थे। जब वह चौराहे पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# गहमर पुलिस ने गोवंश के साथ एक अभियुक्तको किया गिरफ्तार

न्यूज़ वाणी गाजीपुर।

जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गहमर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को गोवंश के साथ गिरफ्तार किया है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 अप्रैल 2026 को उपनिरीक्षक विपिन कुमार सिंह अपनी टीम के साथ पावर हाउस सेवराई वन पोखरा के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति को रोका गया, जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक गोवंश बरामद हुआ। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इरफान उर्फ सद्दाम पुत्र इम्तियाज, निवासी ग्राम उसिया उत्तर मोहल्ला, थाना दिलदारनगर, जनपद गाजीपुर (उम्र 28 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा बरामदगी के आधार पर थाना गहमर में मुकदमा अपराध संख्या 046/2026, धारा 3/5।/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक विपिन कुमार सिंह एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बच्चों को शिक्षा देकर अब अपनी भूल सुधारेंगे

## – एनसीईआरटी के जर्नल में प्रकाशित हुआ जिले के शिक्षक आनंद मिश्र का अनूठा शोध

## – अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले अभिभावकों पर की रिसर्च

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हम तो गरीबी और



मजबूरी में पढ़ नहीं पाए लेकिन अब अपने बच्चों की तकदीर वैसी नहीं होने देंगे जैसी हमारी थी। हम अपनी गलती नहीं दोहराएंगे। यह मार्मिक स्वीकारोक्ति उन अभिभावकों की है, जिन्होंने कभी अभावों के चलते स्कूल का दरवाजा छोड़ दिया था। ऐरायाँ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मलूकपुर के आदर्श शिक्षक आनंद कुमार मिश्र के एक शोध ने शिक्षा के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों की बदलती सोच को उजागर किया है। उनके इस शोध को एनसीआरटी नई दिल्ली ने अपने प्रतिष्ठित जर्नल प्राथमिक शिक्षक के ताजा अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया है। यह शोध उन श्ड्रॉप–आउटश अभिभावकों की मानसिकता पर आधारित है, जो आज अपने बच्चों को स्कूल भेज रहे हैं। शोध के आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण अंचलों में शिक्षा छूटने का सबसे बड़ा विलेन गरीबी रही है। करीब 46 प्रतिशत अभिभावकों ने माना कि घर की आर्थिक तंगी के कारण उन्हें पढ़ाई छोड़नी पड़ी लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि आज 96.5 प्रतिशत अभिभावकों को इस बात का गहरा मलाल है कि वे कम से कम आठवीं तक भी नहीं पढ़ सके।

### अभिभावकों को समझ आया शिक्षा का मोल

शिक्षक आनंद मिश्र के शोध में एक सुखद बदलाव यह दिखा कि अब अभिभावक जागरूक हो चुके हैं। 98.5 प्रतिशत अभिभावकों ने अब शिक्षा के महत्व को स्वीकार किया है। वे अब बच्चों को केवल स्कूल ही नहीं भेज रहे, बल्कि उन्हें 14 वर्ष की आयु तक हर हाल में पढ़ाने का संकल्प ले चुके हैं।

### आनंद को मिल चुके कई सम्मान

शिक्षक आनंद कुमार मिश्र को प्राथमिक शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में कई सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। उनके नेतृत्व में विद्यालय के छात्रों ने राज्यपाल, मुख्य सचिव समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाक़ात की है। कुछ समय पूर्व ही विद्यालय के पुस्तकालय 'मुस्कानालय' को प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण मॉड्यूल में जगह मिली है। श्री आनंद को बीते वर्ष राज्य स्तर पर यूपी एडूलीडर्स अवार्ड भी मिला है।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# ई-रिक्शा पलटने से बालिका समेत आधा दर्जन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा के समीप सोमवार की दोपहर अनियंत्रित होकर ई–रिक्शा पलट जाने से उसमें सवार बालिका समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के लाल का पुरवा गांव निवासी जगदीष का 45 वर्षीय पुत्र अवध राम ई–रिक्शा चालक है। बताते हैं कि गांव के ही स्व0 जगदेव का 72 वर्षीय पुत्र राम विशाल, मनिया देवी पत्नी राम विशाल 70 वर्ष, तारावती पत्नी सोहनलाल 55 वर्ष, महाविरिया पत्नी लल्लू 46 वर्ष, लल्लू पुत्र स्व0 जगदीश 50 वर्ष व 6 वर्षीय लक्ष्मनिया पुत्री कृष्णा तीरा करके हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर से वापस लौट रहे थे। बताते हैं कि जैसे ही ये लोग चौफेरवा के समीप पहुंचे तभी सामने स्कूटी से आ रही महिला रामावती पत्नी 30 वर्षीय निवासी सहानीपुर थाना हुसैनगंज शहर से घर वापस जा रही थी। उसकी स्कूटी में बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह रोड पर गिर गई। जिसे बचाने के चक्कर में ई–रिक्शा पलट गया जिससे सभी लोग घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# ट्रक में घुसी अनियंत्रित पिकअप, दो की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इस्कुरी भोगलपुर ओवरब्रिज एनएच–2 में रविवार की देर रात अनियंत्रित होकर पिकअप रोड किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई जिसमें वृद्ध सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के कमालीपुर गांव निवासी शिवशंकर का 40 वर्षीय पुत्र कमलेश अपने 60 वर्षीय मौसिया मूलचन्द्र पुत्र स्व0 द्वारिका प्रसाद के साथ पिकअप में आलू लादकर प्रयागराज जा रहा था। रात लगभग दस बजे जैसे ही ये लोग इस्कुरी भोगलपुर ओवर ब्रिज पर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर पिकअप रोड किनारे खड़े ट्रक में घुस गया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने जिला चिकित्सालय मार्च्युरी पहुंचकर शवों का पंचनामा भर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# जन-जन तक पहुंचाई जा रही भाजपा की विचारधारा : अन्नू

## – भाजपाईयों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस, गोष्ठी में की चर्चा

## – वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया अभिनंदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस पर अटल पथ जेल रोड स्थित कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के विचारों को वक्ताओं ने रखा। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने वरिष्ठजनों को माल्यार्पण व अंगवस्त्र




भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद की विचारधारा के आधार पर हुई थी। 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में औपचारिक गठन के बाद पंडित अटल बिहारी वाजपेयी एवं लाल.ष्ण आडवाणी ने पार्टी को स्थापित किया। वर्ष 1984 के लोकसभा चुनावों में भाजपा केवल दो सीटें जीत पाई थी। अटल जी की राष्ट्रवाद की जगाई अलख आज विष्व की विशालतम पार्टी के रूप में प्रतिष्ठित है। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रवादी विचारों से अभिंचित करते हुए भाजपा की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्र प्रथम के ध्येय के साथ भारतीय जनता पार्टी विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी आगे बढ़ रही है। संगोष्ठी में खागा विधायक .ष्णा पासवान, जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, पूर्व विधायक करण सिंह पटेल, दिनेश बाजपेई, आशीष मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, सुशीला मौर्या, पंकज त्रिपाठी, लवकुश मौर्या, पुष्पराज पटेल, पंकज त्रिवेदी, अपर्णा सिंह गौतम, कुलदीप भदौरिया, प्रवीण सिंह, अमित शिवहरे, राजा सिंह कछवाह, शरद श्रीवास्तव, सिद्धार्थ दीक्षित, जितेंद्र सिंह गौतम, मनोज निषाद, शिवपूजन तिवारी, महेश कुशवाहा, छोटू महराज, अक्षय लोधी, शानू सिंह, योगेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

### इन वरिष्ठजनों को किया सम्मानित

स्थापना दिवस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने वरिष्ठजनों को सम्मानित किया। जिसमें राधेश्याम गुप्ता, महेंद्रनाथ बाजपेई, राजकुमारी लोधी, अमरनाथ चौरसिया, रमाकांत त्रिपाठी, मनोज शुक्ला, श्यामलाल निषाद, जयपाल वर्मा, सुशील नारायण शुक्ला, माताबदल लोधी, रमेश सचान, रामप्रकाश लोहिया, प्रेमा सिंह राठौर, राजेंद्र गर्ग, शिवशंकर अग्निहोत्री, जगदीश तिवारी, गिरिजा दत्त बाजपेई, गोविन्द तिवारी, राधेश्याम हयारण, सत्य भगवान, शिवप्रसाद त्रिपाठी, हरिओम रस्तोगी, रज्जनलाल त्रिवेदी, विनोद गुप्ता, डॉ विजय सचान, देवनाथ धाकड़े, जगन्नाथ गांधी, रामप्रकाश गुप्ता षामिल रहे।

### रोशनी से जगमगाया पार्टी कार्यालय

भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय को कार्यकर्ताओं ने फूलों की लड़ियों से सजाया। जिला पदाधिकारियों ने सभी आगंतुकों का शुभकामनाओं के साथ स्वागत अभिनंदन किया। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यालय रंग–बिरंगी रोशनी से जगमगाया। कार्यालय में कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से पार्टी के महापुरुषों के विचारों के स्टीकर, बैनर लगाए गए।

# जिला सैनिक बंधु की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

## - 13 नए प्रार्थना पत्र प्राप्त, शीघ्र कार्रवाई के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला सैनिक बंधु की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने की, जबकि संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल दिनेश कुमार शर्मा (अ. प्रा.) ने किया। बैठक में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख मुद्दों में भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक ऋण, पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक सहायता तथा अन्य शिकायतें शामिल रहीं। अधिकारियों ने इन समस्याओं



के समाधान के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कर्नल दिनेश कुमार शर्मा ने पिछली बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि कई मामलों में संतोषजनक कार्रवाई की गई है। वहीं, आज की बैठक में कुल 13 नए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने आईजीआरएस के माध्यम से संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर, कोषाधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, सेवायोजन अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता, सप्लाई डिपो प्रयागराज के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित भी उपस्थित रहे। अंत में कर्नल दिनेश कुमार शर्मा ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# स्कूल चलो अभियान से गूंजा वाहिदपुर

## - भव्य प्रवेशोत्सव में मेधावियों का सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास खंड बहुआ के कम्पोजिट विद्यालय वाहिदपुर में शासन के निर्देशानुसार स्कूल



चलो अभियान एवं प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी हौसिला प्रसाद द्वारा माँ सरस्वती के पूजन व माल्यार्पण के साथ किया गया। इससे पूर्व ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे गांव में जोशपूर्ण रैली निकाली गई, जिसमें बच्चों और शिक्षकों ने नामांकन बढ़ाने के लिए जागरूकता संदेश दिए। विद्यालय प्रांगण पहुंचने पर नव नामांकित विद्यार्थियों का रोली–चंदन व पुष्प वर्षा के साथ आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को नवीन पाठ्य पुस्तकें एवं परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। साथ ही विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिली। समारोह में उपस्थित अभिभावकों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी हौसिला प्रसाद ने सरकार की जनकल्याणकारी शिक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए जागरूक होना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा मंडल मंत्री अखिलेश तिवारी, प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार द्विवेदी सहित अनुराग दत्त तिवारी, प्रदीप कुमार सिंह, रामरस, राहुल द्विवेदी, रश्मि सिंह, शिवानी देवी, नीलम यादव, प्रियंका, नेहा पटेल, अर्चना सिंह, सुरेंद्र कुमार, योगेश पांडे, अशोक कुमार साहू, सुशील कुमार, श्यामबाबू तिवारी, अनुराग तिवारी, सत्यप्रकाश समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने किया हल्ला बोल

## - डीएम को सौंपा ज्ञापन, गैस कालाबाजारी पर जताई नाराजगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला व शहर कांग्रेस के सह नेतृत्व में भारी संख्या में पहुंचे कांग्रेसियों ने जनपद की जन समस्याओं एवं आवश्यकताओं को कलेक्ट्रेट में हल्ला बोल किया तत्पष्चात डीएम को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर गैस कालाबाजारी पर नाराजगी जताई। कांग्रेसियों ने कहा कि यदि कालाबाजारी पर अंकुष न लगा तो वृहद आंदोलन किया जाएगा। प्रस्तुत मांग पत्र में विद्युत कंपनियों द्वारा लगाए जा रहे प्री पेड स्मार्ट मीटर का विरोध करते हुए कहा गया कि जब सरकार ने इसे वैकल्पित व्यवस्था करार दिया गया तो इसे जबरन क्यों लगाया जा रहा साथ ही जिन उपभोक्ताओं ने इसे लगवाया है उनके द्वारा बिल जमा करने पर भी माइनस बताकर कनेक्शन काट दिया है। तीन चार दिन बाद कनेक्शन जोड़ा जाता है। मांग पत्र में गैस किल्लत से हो रही कालाबाजारी रोकने के लिए भी मांग की गई। जिसमें मुख्य रूप से ललिता गैस एजेंसी को दर्शाया गया है। इसी के साथ ज्वालागंज से लेकर राधानगर चौराहे तक डिवाइडर बनवाने की मांग की गई जिससे लग रहे भयंकर जाम से छुटकारा मिल सके। इसके अतिरिक्त आबूनगर से शांतीनगर तक बने नाले की निकासी व्यवस्था करने की भी मांग की गई। मांग पत्र में प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान में छोटे दुकानदारों का सामान क्षतिग्रस्त न करने की मांग भी रखी जिससे किसी गरीब का नुकसान न हो सके उन्हें एक बार चेतावनी अवश्य दी जाये। मांग पत्र सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कहा कि जहां एक ओर सरकार गैस किल्लत को नकार रही है तो वही दूसरी ओर सिलेंडर को लेकर आम जनमानस हलाकान



हो रहा है। मजबूरन ऊंचे दामों पर गैस खरीदने को मजबूर हो रहा है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर गैस एजेंसियां इस पर सुधार नहीं करतीं तो कांग्रेस आगे इसमें बृहद आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस मौके पर संतोष कुमारी शुक्ला, सुधाकर अवस्थी, कलीम उल्ला सिद्दीकी, शेख एजाज अहमद, देवी प्रकाश दुबे, राजू लोधी, सहाब अली, राजीव लोचन निषाद, हेमलता पटेल, शोभा दुबे, पप्पी राजपूत, पूनम द्विवेदी, रेखा पासवान, शकीला बेगम, साजिया खान, आदित्य श्रीवास्तव, ओम प्रकाश कोरी, प्रशांत शुक्ला, कल्लू कोरी, आफताब, नौशाद अहमद, निजामुद्दीन, अमीर उलजमा खान, असगर अली, षफीक अली, अवधेश तिवारी, ज्ञान सिंह पटेल, मनोज घायल, इशरत खान, नजमी कमर आदि लोगो के साथ सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# निजी स्कूलों में मनमानी फीस वसूली पर समिति का प्रदर्शन

## - डीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई किए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। युवा विकास समिति के कार्यकर्ताओं ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वसूल के मुद्दों




को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि जिले के प्राइवेट स्कूल अभिभावकों से मनमानी फीस वसूल रहे हैं। लेट होने पर जुर्माना भी वसूला जाता है निजी विद्यालय प्रबंधन की ओर से एडमिशन, ट्यूशन, विकास सहित अन्य शुल्क में 15 से 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है। प्रवेश, बिल्डिग, खेल, पानी, बिजली, चिकित्सा, ट्यूशन फीस के नाम पर नामांकन के समय ही मनमाना वसूली होती है। री–एडमिशन के नाम पर भी पैसा लिया जा रहा है। बच्चों का प्रवेश शुल्क, कापी, किताब, ड्रेस खरीदने में अभिभावक त्राहिमाम कर रहे हैं। यहां तक कि जेनरेटर शुल्क के नाम पर ली जाने वाली राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। वहीं जिला प्रशासन भी इस पर मौन है। जिससे नगर के दर्जनों नामी निजी विद्यालयों पर न तो किसी तरह का सरकारी अंकुश है और न ही किसी तरह का दबाव ही। परिणाम हैं कि निजी विद्यालय के संचालक अपनी मर्जी फीस तय करते हैं और अभिभावकों से वसूलते हैं। हर निजी विद्यालय का अपना–अपना फीस है। इस पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं दिखता है। जहां तक फीस की बात है तो हर स्कूल में अपने–अपने तरीके से फीस निर्धारित है। कुछ विद्यालयों में केजी से कक्षा आठ तक के लिए 2500 से 3000 रुपये महीना निर्धारित है। तो 8 से ऊपर कक्षा के लिए 3000 से 5000 रुपये तक। इसके अलावा कम्प्यूटर, परिवहन, बिजली आदि के नाम पर भी राशि वसूली जाती है। बिजली के नाम पर 1500 से 2000 तक, आईटी चार्जेस 600, मेंटेनेंस के नाम पर 5000 रुपये वसूल किए जाते हैं। जल्द जिला प्रशासन ऐसी नमी विद्यालयों पर कार्यवाही नही की तो संगठन आंदोलन के लिए तैयार है बड़े स्तर पर जिला के सभी अभियान को कोई इकट्ठा कर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर संगठन प्रमुख संजय दत्त द्विवेदी, आफताब, जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, आनंद अवस्थी, ऋषि बाजपेई, दीप कुमार, दिनेश, संदीप मिश्रा, गणेश तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# वार्षिक परीक्षाफल व उपहार पाकर खिल उठे बच्चे

## – प्रबंधक ने लगन व मेहनत से सफलता प्राप्त करने की दी प्रेरणा

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। सांई सिटी इंटर कॉलेज/मां सरस्वती ज्ञान मंदिर सांई विहार जयरामनगर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। परीक्षाफल देखकर बच्चे प्रफुल्लित हो गए। मेधावी बच्चों को विद्यालय प्रबंधक पवन सिंह गौर ने शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया।मेधावी बच्चों में आर्विराज, प्रभात, दीपक, प्रिया यादव, प्रिंस यादव, अनाया, शगुन, लवी, वसु यादव, साक्षी, सीनू, कुमकुम, अराफात, एरम, राज मिश्रा, हर्ष, आदित्य, पीहू, सात्विक, अगम सिंह, अंश चंद्रपाल, रिफा, युवराज सिंह, सृष्टि आदि रहे। प्रबंधक श्री सिंह ने बच्चों को लगन व मेहनत से सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार अभिभावकों का आभार प्रकट किया। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संजय सिंह, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, रावेंद्र सिंह, रवि सिंह, अतुल कुमार, रेखा श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, जयश्री, मनोरमा, पूजा त्रिवेदी, राजेंद्र प्रसाद रहे।

# महर्षि कश्यप व राज निषाद की मनाई जयंती

## – सांसद ने दोनों महापुरूषों के व्यक्तित्व पर की चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो



खागा, फतेहपुर। किशनपुर के यमुना तटवर्ती गांव गढ़ा मजरे धाने में महर्षि कश्यप व राज निषाद जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने षिरकत की। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सांसद ने महर्षि कश्यप व राज निषाद के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया। प्रदेश सचिव आसिफ खान ने भी सामाजिक मुद्दे पर चर्चा करते हुए समाज में एकता बनाए रखने की बात कही। क्षेत्र में विकास को लेकर विचार विमर्श करते हुए संसद ने यमुना कटरी गांव दरियापुर, बरार, बलवंतपुर, चंदापुर, संगोलीपुर, टिकुरा, गाजीपुर, मीनातारा का दौरा भी किया। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। क्षेत्रवासियों ने यमुना कोट चिल्ली पुल निर्माण की मांग एक बार फिर प्रमुखता से दोहराई। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पुल निर्माण के लिए लिखित प्रस्ताव भेजा जा चुका हैं। कार्यक्रम में आसिफ खान, रत्नेश रत्ना, रामतीरथ परमहंस, नरेश करी, संगीता राज, सत्य प्रकाश यादव, इस्माइल वारसी, जैदुल्लाह तहसीन, मुजीब खान उपस्थित रहे।

# मेधा अलंकरण समारोह में मेधावियों का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के शहजादपुर स्थित सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में मेधा अलंकरण एवं अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वोच्च अंक लाने वाले बच्चो को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ब्रजमोहन पांडेय विनीत विद्यालय के संरक्षक अजय त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में



क्षेत्रीय विधायक .ष्णा पासवान विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह, ऐरायां ब्लॉक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह, आरएसएस के नगर प्रचारक पुष्पमित्र ने किया। विद्यालय के प्रबंधक राकेश त्रिवेदी ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। अभिभावकों से विद्यालय के प्रति निरंतर सहयोग की अपेक्षा की। प्रधानाचार्य राज कपूर सिंह ने छात्रों को निरंतर परिश्रम कर आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही 595 ऐसे अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया जिनके बच्चे शत–प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखे। कार्यक्रम में लगभग 3500 छात्र एवं 2000 अभिभावकों की उपस्थिति रही। प्राथमिक, जूनियर एवं माध्यमिक स्तर के कई मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्.त किया गया। संचालन उप प्रधानाचार्य शिव सागर सिंह ने किया। इस मौके पर जय नरेश, चंद्र प्रकाश, मोसीम, अनिल सरोज, भारती, अभिमन्यु, संदीप, कल्पना, योगेंद्र, महावीर, मनबोधन, विकास, प्रमित, राम, नीलम, दिनेश, आदर्श एवं सरोज आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# बार चुनाव : जगनायक सचान व अनिल श्रीवास्तव ने मांगा समर्थन

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। जिला बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर कचेहरी परिसर में चुनावी सरगर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है। सोमवार को सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के बैनर तले अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार जगनायक सचान व महामंत्री पद के प्रत्याशी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रत्याशियों ने सिविल कोर्ट कंपाउंड से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर के चप्पे–चप्पे पर जाकर साथी अधिवक्ताओं से भेंट की और संगठन के विजन को साझा करते हुए समर्थन व आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क के दौरान अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने प्रत्याशियों के अनुभव और निष्ठा को देखते हुए उन्हें माला पहनाकर और तिलक लगाकर शविजयश्रीश की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करने का संकल्प दोहराया। कचेहरी के वरिष्ठतम सदस्यों ने संगठन की कार्यशैली पर भरोसा जताया। भारी जनसमर्थन से अभिभूत होकर अध्यक्ष प्रत्याशी जगनायक सचान ने कहा कि अधिवक्ताओं का यह स्नेह उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और वे उनके सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। महामंत्री प्रत्याशी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिस तरह से हर चौंबर और हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है, उससे समस्त कार्यकारिणी में भारी उत्साह है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि अधिवक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण और बार–बेंच के बीच बेहतर समन्वय उनकी प्राथमिकता होगी। अधिवक्ताओं के इस अपार समर्थन से संगठन की स्थिति बेहद मजबूत नजर आ रही है। इस मौके पर अधिवक्ताओं में मो0 इसरत खान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, छेदीलाल पाल उपाध्यक्ष, मंजुला राजपूत गिरीश सिंह, पुष्पा देवी मौर्य, राजेश कुमार गौतम, शिवनारायण निषाद सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पीड़ित परिवारों का दुख-दर्द बांटने पहुचे सांसद

## – आवारा कुत्तो के हमले से मर गई थीं चौदह भेड़ें

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर विधानसभा के ग्राम इकारी के मजरे बुधैयापुर थाना थरियांव में बीते रविवार को प्रातः काल आवारा कुत्तों ने तीन परिवारों महेश पाल, गोवर्धन पाल, राज दुलारी पाल के चौदह भेड़ों को मार डाला। पांच भेड़ों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जैसे ही ये सूचना जनपद के सांसद नरेश उत्तम पटेल को मिली। फौरन पीड़ित परिवारों से मिलने उनके आवास पहुंचे। तीनों परिवारों ने सांसद को आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थना पत्र दिया। सांसद ने जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, एसडीएम सदर अनामिका सिंह, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को कॉल कर मौके पर पहुंचने को कहा। तभी सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी भी पहुंच गए। सांसद ने दुखी एवं पीड़ित परिजनों को आष्वस्त किया कि हरसंभव उनकी मदद करेंगे और सरकार से भी करवाने का दबाव बनाएंगे। सांसद के रहते जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिनसे सासंद ने आर्थिक सहायता दिलाए जाने की बात कही।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )